दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-265 सीहोर, सोमवार 08 दिसम्बर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## गोवा अग्निकांड में मृतकों की संख्या हुई 25 पीएम मोदी ने दुख जताया, मदद का किया ऐलान



पणजी,(ए)। गोवा के नाइटक्लब में भीषण आग लगने की वजह से कम से कम 25 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो गई है। इनमें से 14 नाइटक्लब में काम करने वाले लोग थे। बर्च बाय रोमियो लेन नामक नाइट क्लब में शनिवार आधी रात के बाद आग लग गई। यह नाइट क्लब राज्य की राजधानी पणजी से लगभग 25 किलोमीटर दूर अरपोरा में स्थित है।गोवा पुलिस प्रमुख आलोक कुमार ने बताया कि आग सिलेंडर फटने के कारण लगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी घटना पर दुख व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, गोवा के अरपोरा में आग लगने की घटना बहुत दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजन को खो दिया है। घायल लोगों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।उन्होंने कहा, गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत जी से स्थिति के बारे में बात की। राज्य सरकार प्रभावित लोगों की हर संभव मदद कर रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा, गोवा के अरपोरा में हुए हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री सावंत ने कहा, हम क्लब प्रबंधन और उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे जिन्होंने सुरक्षा मानदंडों की अनदेखी कर नियमों का उल्लंघन किया है। सावंत ने कहा, तटीय राज्य में यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना ऐसे समय में हुई है जब बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, हम घटना की गहन जांच करेंगे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सावंत ने बताया कि मारे गए अधिकतर लोग क्लब की रसोई में काम करते थे। उन्होंने बताया कि मृतकों में तीन महिलाएं और 'तीन से चार पर्यटक भी शामिल हैं। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि 25 लोगों में से तीन की मौत जलने जबकि अन्य की मौत दम घुटने से हुई।

### उज्जैन में महाकाल मंदिर की ऑनलाइन बुकिंग 25 दिसंबर से होगी बंद, नए साल पर बदली जाएगी दर्शन व्यवस्था

उज्जैन (मध्य प्रदेश),(ए)। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में नए साल 2026 के अवसर पर बढ़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए बड़ा निर्णय लिया गया है। मंदिर समिति ने घोषणा की है कि 25 दिसंबर से 05 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन बुकिंग पूरी तरह बंद रहेगी। इस दौरान भक्त केवल ऑफलाइन माध्यम से ही भस्म आरती और अन्य दर्शन की अनुमति प्राप्त कर सकेंगे। इसलिए यदि इन तारीखों में दर्शन का कार्यक्रम बना रहे हैं, तो समय से पूर्व योजना बनाना आवश्यक होगा।मंदिर समिति के अनुसार, 31 दिसंबर से दो जनवरी के बीच करीब 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के उज्जैन आने की संभावना है। भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नक्सलियों को संविधान की प्रति भेंट की।

### आरक्षण का मतलब पीछे छूटे व्यक्ति को बराबर पर लाना है, ना कि नए लोगों का रास्ता बंद करना: पूर्व सीजेआई

मुंबई,(ए)। पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि उन्होंने जब शेड्यूल कास्ट आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने की बात कही, तो उन्हें अपने ही समुदाय के लोगों की आलोचना का सामना करना पड़ा। यह बात गवई



मुंबई यूनिवर्सिटी में आयोजित एक लेक्चर में बोल रहे थे। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि डॉ अंबेडकर की नजर में आरक्षण ऐसा था जैसे किसी पीछे छूटे व्यक्ति को साइकिल देना ताकि वह बाकी लोगों के बराबर पहुंच सके। पूर्व सीजेआई गवई ने कहा कि इसका मतलब यह नहीं कि वह व्यक्ति हमेशा साइकिल पर चलता रहे और नए लोगों के लिए रास्ता ही बंद हो जाए। क्या सीजेआई या चीफ सेक्रेटरी के बेटे और ग्राम पंचायत स्कूल में पढ़ने वाले मजदूर के बेटे को एक ही पैमाने से मापा जा सकता है? मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गवई ने कहा कि इंद्रा साहनी मामले में क्रीमी लेयर सिद्धांत तय हुआ था और एक फैसले में उन्होंने खुद कहा था कि यह सिद्धांत एससी वर्ग पर भी लागू होना चाहिए।

## रविवार को भी 650 उड़ानें रद्द, सरकार ने इंडिगो को नोटिस देकर पूछा- आप पर कार्रवाई क्यों न की जाए?

### इंडिगो ने यात्रियों को किए 610 करोड़ रिफंड

नई दिल्ली (ए)। इंडिगो एयरलाइन में परिचालन संकट को दूर कर हालात सामान्य करने की कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन संकट लगातार छठे दिन जारी है और रविवार को भी देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर 650 उड़ानें रद्द हुईं। इंडिगो में जारी संकट के चलते बीते छह दिनों में करीब 3000 उड़ानें रद्द हुई हैं, जिससे देश में हवाई यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ है और लाखों यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। अब सरकार ने इंडिगो के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की तैयारी कर ली है। वहीं इंडिगो में छाए ऑपरेशन संकट के रविवार शाम तक एयरलाइन ने यात्रियों को 610 करोड़ का रिफंड प्रोसेस किया है। इसके साथ ही कंपनी ने



देशभर में यात्रियों के 3 हजार से ज्यादा बैगेज भी लौटाए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने रविवार शाम इसकी जानकारी दी।

मंत्रालय ने बताया कि रिफंड या री-बुकिंग पर एक्स्ट्रा पैसा नहीं लिया जाएगा। यात्रियों की मदद के लिए स्पेशल सपोर्ट सेल बनाए गए हैं। इसके साथ ही इंडिगो के फ्लाइट ऑपरेशन में भी तेजी आई है। डोमेस्टिक फ्लाइट फुल कैपेसिटी के साथ उड़ान भ रही हैं। इंडिगो के सीईओ ने पीटर एल्बर्स ने बताया कि आज हम 138 में से 137 डेस्टिनेशंस पर 1650 फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं। ऑन टाइम परफॉर्मेंस 75 प्रतिशत रहने का अनुमान है।डीजीसीए ने इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स और सीओओ और अकाउंटेबल मैनेजर पोर्केरास को शनिवार को डीजीसीए ने कारण बताओ नोटिस जारी कर परिचालन संकट पर 24 घंटे के अंदर जवाब मांगा है। डीजीसीए ने नोटिस में कहा है कि बड़े पैमाने पर परिचालन योजना बनाने की असफलता और संसाधन प्रबंधन की चूक दिखाई देती है। नोटिस में कहा गया है कि इंडिगो में जारी संकट का मुख्य कारण नए एफडीटीएल नियमों को लागू करने के लिए सही इंतजाम न करना है, ऐसे में एयरलाइन के खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए।

## बिहार में लोजपा का जिलाध्यक्ष नाबालिग से 5 साल तक करता रहा दुष्कर्म

### -कोचिंग से उठाकर ले गया घर और रखा कैद में, पीड़िता बोली- अब इंसाफ चाहिए

रोहतास,(ए)। बिहार के रोहतास जिले में नाबालिग से यौन शोषण के आरोप में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिलाध्यक्ष और भैंसही कला पंचायत के मुखिया कमलेश राय (45) को गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता ने शिकायत में दावा किया है कि आरोपी कमलेश ने उसे बहला-फुसलाकर दुष्कर्म किया और घटना का वीडियो बनाकर उसे लगातार धमकाता रहा।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीड़िता ने बताया कि साल 2020 में आरोपी कमलेश ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने दावा किया कि आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देता था, जिसके कारण वह पांच साल तक कुछ भी कहने से डरती रही। नाबालिग ने आरोप लगाया कि 2023 में आरोपी उसे अन्य लोगों से भी मिलवाने लगा और बातचीत के वीडियो रिकॉर्ड कर उसे ब्लैकमेल करता रहा। पीड़िता के मुताबिक 5 नवंबर को आरोपी उसके कोचिंग में आया और बाइक पर बैठाकर अपने साथ ले गया। इसके बाद आरोपी ने 10 दिनों तक कमरे में कैद रखा, जहां लगातार उसका यौन उत्पीड़न किया गया।



## खजुराहो में रह कर कैबिनेट बैठक के साथ विभिन्न विभागों की समीक्षा करेंगे : डॉ.सीएम यादव

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने मंत्रिमंडल के साथ दो दिन खजुराहो में रह कर कैबिनेट बैठक के साथ विभिन्न विभागों की समीक्षा करेंगे। सोमवार 8 दिसम्बर को खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा के साथ शुरूआत होगी। इसी क्रम में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, राजस्व, नगरीय विकास एवं आवास, तकनीकि शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार, जनजातीय कार्य, अनुसूचित जाति कल्याण और खनिज विभाग की समीक्षा की जाएगी।मंगलवार 9 दिसम्बर को मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक होगी, जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिए जायेंगे। इसी दिन सीसीआईपी की बैठक और लोक निर्माण एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के दो वर्षों में हुए कार्यों की मुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा की जाएगी।

*महाराजा छत्रसाल और सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का अनावरण।*
*27055 लाख के 9 विकास कार्यों का भूमि-पूजन।*
*24010 लाख के 20 विकास कार्यों का लोकार्पण।*
*लाड़ली बहनों के खातों में राशि अंतरण और हितलाभ वितरण।*



- दो दिन खजुराहो से चलेगी सरकार
- कैबिनेट सहित विभागीय समीक्षाएं भी होंगी
- विकास कार्यों की सौगात के साथ लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित होगी राशि

### राजनगर में लाड़ली बहना सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 9 दिसम्बर को छतरपुर जिले के राजनगर के सती की मढ़िया में लाड़ली बहना सम्मेलन में भी शामिल होंगे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में माह दिसम्बर की राशि अंतरित की जायेगी। मुख्यमंत्री लाड़ली बहनों से संवाद भी करेंगे।

### श्रीरामपुर जेल से विचाराधीन कैदी के फरार होने पर हड़कंप

हुगली (आरएनएस)। जिले के श्रीरामपुर सुधार गृह से एक विचाराधीन कैदी लापता हो गया है। उसका नाम राजेश हाटी है। वह पॉक्सो मामले में आरोपित है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी श्रीरामपुर सुधार गृह में वह पिछले साल जून महीने से था। शनिवार को उसके लापता होने का मामला सामने आया। इस बीच उसकी तलाश के लिए लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। क्या वह भाग गया है? ऐसे में सुधार गृह की सुरक्षा कवच को भेदकर वह कैदी कैसे भाग गया? क्या सुरक्षा व्यवस्था में कोई खामी थी? यह सवाल उठ रहे हैं।

## आज सीएम ममता की कूचबिहार में प्रशासनिक बैठक

कोलकाता (आरएनएस)। विधानसभा चुनाव से पहले बंगाल में राजनीति का पारा सर्द मौसम में भी गर्म है। तमाम राजनीतिक दल मतदाताओं से सम्पर्क करने के लिए तमाम तरह के उपाय कर रहे है। वहीं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी करीब एक साल बाद फिर से कूचबिहार आ रही हैं। इस बार दो दिन के दौरे में वह आज प्रशासनिक और मंगलवार को रासमेला मैदान में आम बैठक करेंगी। प्रशासनिक बैठक के लिए रवींद्र भवन और रासमेला मैदान में मेन स्टेज की तैयारियां पहले से ही आखिरी स्टेज में हैं। प्रशासनिक सूत्रों ने बताया है कि इस पब्लिक मीटिंग के लिए सिर्फ एक मेन स्टेज होगा। एसआईआर के माहौल में राजनीतिक हलकों में मुख्यमंत्री के इस दौरे को खास अहमियत दी जा रही है। और बीजेपी इस दौरे के दौरान उनके प्रोग्राम पर नजर रखे हुए है। मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे एबीएन शील कॉलेज मैदान में हेलीकॉप्टर से उतरेंगी। वहां से वह शाम 4 बजे रवींद्र भवन में एक प्रशासनिक मीटिंग में शामिल होंगी। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री का यह दौरा आने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर है।






## बाइक समेत नर्मदा नहर में गिरा परिवार

**मां की मौत, 2 साल की बच्ची और पिता को खेत में मिर्च तोड़ रहे किसानों ने बचाया, पगड़ी रस्म से लौट रहे थे**

खरगोन (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के खरगोन में रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। जहां एक बाइक अनियंत्रित होकर नर्मदा नहर में गिर गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। घटना जैतापुर थाना क्षेत्र की है।

दरअसल, पुरुषोत्तम यादव अपनी पत्नी ज्योति और 2 साल की बेटी के साथ पगड़ी रस्म में शामिल होने रामपुरा गए हुए थे। वापसी के दौरान ठीबगांव और रामपुरा गांव स्थित नर्मदा नहर में उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और नहर में गिर गई।गनीमत है कि इस दौरान मौके पर किसान और मजदूर खेत में मिर्च तोड़ रहे थे। उन्होंने जैसे ही बाइक को गिरते हुए देखा, कड़ी मशक्कत कर सभी को निकाला। लेकिन 28 साल की ज्योति यादव की सांसें थम गई थीं।हादसे के बाद बच्ची और पिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुरुषोत्तम यादव का PIC में इलाज जारी है। वहीं बच्ची को PIC में भर्ती किया गया, लेकिन गंभीर हालत की वजह से उसे इंदौर रेफर कर दिया गया है।

## फिल्मनिर्माता विक्रम भट्ट अपनी साली के घर से हुए अरेस्ट, फिल्म बनाने के नाम पर 30 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला

मुंबई,(ए)। फिल्मनिर्माता विक्रम भट्ट को मुंबई और राजस्थान की संयुक्त पुलिस टीम ने रविवार को अरेस्ट किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई उदयपुर के एक व्यापारी से 30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी मामले में की है। पुलिस टीम ने उन्हें उनकी साली के घर जो कि मुंबई के यारी रोड इलाके के गंगा भवन अपार्टमेंट में है से हिरासत में लिया है।

जानकारी अनुसार फिल्मनिर्माता विक्रम भट्ट को राजस्थान पुलिस अपने साथ उदयपुर ले जाने के लिए बांद्रा कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड के लिए पेश कर सकती है। धोखाधड़ी मामले के संबंध में बताया जा रहा है, कि राजस्थान के इंदिरा ग्रुप ऑफ कंपनीज के मालिक डॉ. अजय मुर्डिया ने 17 नवंबर को विक्रम भट्ट समेत 8 लोगों के खिलाफ 30 करोड़ की धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस से की थी। आरोप है, कि एक इवेंट के दौरान उनकी मुलाकात दिनेश कटारिया से हुई थी, जिन्होंने उन्हें पत्नी की बायोपिक बनाने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा, कि फिल्म के माध्यम से पूरा देश उनकी पत्नी के योगदान को जान सकेगा। इसी सिलसिले में दिनेश ने 24 अप्रैल 2024 को मुंबई स्थित वृंदावन स्टूडियो उन्हें बुलाया। यहां उनकी मुलाकात फिल्मनिर्माता विक्रम भट्ट से कराई गई।



मुलाकात के दौरान बायोपिक बनाने पर चर्चा की गई थी। यहां यह तय हुआ, कि फिल्म निर्माण की पूरी जिम्मेदारी विक्रम भट्ट लेंगे और उन्हें सिर्फ रुपये भेजने होंगे। यहां पर 'बायोनिक' और 'महाराणा' नामक दो फिल्मों के लिए 40 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट साइन हुआ था। इसके बाद 31 मई 2024 को विक्रम भट्ट को 2.5 करोड़ रुपए आरटीजीएस किए गए। इसके बाद 7 करोड़ की मांग हुई और कहा गया कि 47 करोड़ में 4 फिल्मों का निर्माण होगा, जिससे करीब 100 से 200 करोड़ रुपये तक का मुनाफा होगा। इसके बाद ऑनलाइन पेमेंट की गई। पुलिस अनुसार इस मामले की शुरुआती जांच में पाया गया, कि जिन वेंडर्स को इंदिरा एंटरटेनमेंट के खाते से पेमेंट हुई, वे फर्जी थे। हकीकत यह थी, कि जिन वेंडर्स को पेमेंट की गई, वे रंगाई-पुताई वाले या ऑटो वाले निकले। इस तरह से पेमेंट के बाद रकम का एक बड़ा हिस्सा विक्रम भट्ट की पत्नी के खाते में ट्रांसफर किया गया था। जानकारी अनुसार सात दिन पहले ही विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट समेत 6 आरोपियों के खिलाफ उदयपुर पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी किया था। आरोपियों को 8 दिसंबर तक उदयपुर पुलिस के सामने पेश होने के लिए कहा गया था। इसके अलावा कहा जा रहा है, कि आरोपीगण अब बिना मंजूरी के विदेश भी नहीं जा सकेंगे।इस मामले को लेकर फिल्मनिर्माता भट्ट का कहना था, कि उन्हें अब तक इस मामले में किसी तरह का कोई नोटिस नहीं मिला है। उन्हें इस पूरे मामले की जानकारी मीडिया के जरिए मिली है।





# जो कानून की राह अपनाते हैं, उनके पुनर्वास की चिंता सरकार करेगी : सीएम डॉ.मोहन यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष बालाघाट में 10 इनामी नक्सलियों ने किया समर्पण

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में नक्सलवाद के सफ़ाये की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष बालाघाट में रविवार को 10 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया, जिनमें 4 महिला नक्सली भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्हें संविधान की प्रति प्रदान कर मुख्यधारा से जोड़ा। आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों ने अपने हथियार मुख्यमंत्री को सौंपे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सरकार जनवरी 2026 तक मध्यप्रदेश को नक्सल मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एक भी व्यक्ति को हथियार उठाने की अनुमति नहीं है। मुख्यमंत्री ने नक्सलियों से आह्वान किया कि वे सरकार की पुनर्वास नीति अपनाएं। सरकार उनके जीवन को सुरक्षित करने, विकास सुनिश्चित करने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों और जवानों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि एंटी नक्सल अभियान को लगातार सशक्त और सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रदेश में 15 नवीन अस्थायी कैंप और विशेष सहयोगी दस्ता के 882 पद स्वीकृत



किए गए हैं। सतत निगरानी, सघन जांच और कार्यवाइयों से प्रदेश में नक्सली दायरा तेज़ी से घटा है। उन्होंने कहा कि पुनर्वास के लिए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पिछले वर्ष 46 एकल सुविधा केंद्र खोले गए। इन केंद्रों के माध्यम से रोजगार, वन अधिकार पत्र और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहीद आशीष शर्मा की वीरता को नमन करते हुए कहा कि कर्तव्यपथ में उत्कृष्टता से कार्य करने वाले 328 हॉक फोर्स सहित पुलिस अधिकारियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया गया है। उन्होंने कहा कि जो कानून की राह अपनाते हैं, उनकी पुनर्वास की चिंता सरकार की है। डीजीपी कैलाश मकवाना ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में एंटी नक्सल अभियान को सशक्त किया गया है। नए कैंप स्थापित किए गए हैं, हॉक फोर्स और पुलिस बल में वृद्धि की गई है। साथ ही अधिकारियों और जवानों को सतत प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इन कार्यवाइयों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी नक्सल समर्पण लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि रोजगार और स्किल डेवलपमेंट के प्रयासों से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं और नागरिकों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। मध्यप्रदेश पुलिस निर्धारित समय-सीमा में नक्सल मुक्ति के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा और बालाघाट के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और जवान उपस्थित रहे।



भोपाल। ठंड के बीच सुबह एक बाइक सवार जाता हुआ।

## रन भोपाल रन में हजारों प्रतिभागियों ने दमदार दौड़ लगाई

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी में रविवार सुबह फिटनेस का जुनून चरम पर दिखा। 'दौड़ हिंदुस्तान के दिल लिए' टैगलाइन के साथ आयोजित 11वें रन भोपाल रन में इस बार भी हजारों प्रतिभागियों ने दमदार दौड़ लगाई। हर आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता का संदेश दिया।इवेंट के मुख्य उद्देश्य- स्वच्छ भारत, कार्बन फुटप्रिंट कम करना, जीरो वेस्ट अभियान, ऑर्गन डोनेशन, तंबाकू त्याग और रीयूज-रिसाइकिल-रिड्यूस सिद्धांत को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का फ्लैग ऑफ टीटी नगर स्टेडियम में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने किया। उन्होंने कहा- रन भोपाल रन, भोपालवासियों के जज्बे का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया-हिट इंडिया अभियान को इससे और मज़बूती मिलेगी। सारंग के मुताबिक, शहर के हजारों नागरिकों ने दौड़कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का मजबूत संदेश दिया है।

तीन कैटेगरी में हुई प्रतियोगिता-21 किमी हाफ मैराथन

रूट : टीटी नगर स्टेडियम, प्लैटिनम प्लाजा, जवाहर चौक, भदभदा रोड, पलाश रेजिडेंसी, पॉलिटेक्निक चौराहा, वीआईपी रोड, कोहेफिजा तक यू-टर्न, भारत भवन, मानव संग्रहालय, श्यामला हिल्स से जवाहर चौक होते हुए समापन टीटी नगर स्टेडियम में

10 किमी दौड़ : टीटी नगर, मॉडल स्कूल, प्लैटिनम प्लाजा, अटल पथ, जवाहर चौक, भदभदा रोड, साइंस सेंटर,पॉलिटेक्निक स्क्वायर यू-टर्न, टीटी नगर स्टेडियम

5 किमी दौड़ — : टीटी नगर स्टेडियम, प्लैटिनम प्लाजा, अटल पथ जवाहर चौक यू-टर्न, वापसी टीटी नगर स्टेडियम

प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजन स्थल पर ढोल-डीजे और जुम्बा सेशन भी हुआ। शहर के अलग-अलग इलाकों से आए धावकों की ऊर्जा ने सुबह को बेहद रोमांचक बना दिया।

## परख एप उपयोग के संबंध में संभागीय अधिकारी का प्रशिक्षण आज

भोपाल (आरएनएस)। संयुक्त आयुक्त (विकास) डॉ. विनोद यादव ने बताया कि परख एप के उपयोग के संबंध में 08 दिसम्बर को सायं 5 बजे संभागायुक्त कार्यालय के सभागार में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है।प्रशिक्षण में समस्त संभागीय अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित अधीनस्थ संस्थाओं के निरीक्षण हेतु परख एप का उपयोग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। प्रशिक्षण में समस्त संभागीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए है।

## संभागायुक्त की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट जीआईएस प्रोजेक्ट की बैठक आज

भोपाल (आरएनएस)। संभागायुक्त संजीव सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट जीआईएस प्रोजेक्ट क्रियान्वयन के संबंध में 08 दिसम्बर को सायं 4 बजे से संभागायुक्त कार्यालय के सभागार में बैठक आयोजित की गई है।संयुक्त आयुक्त (विकास) डॉ. विनोद यादव ने बताया कि विभाग से संबंधित परिसंपत्तियों की जानकारी तथा अभी तक डिस्ट्रिक्ट जीआईएस पोर्टल पर मेपिंग की स्थिति की जानकारी के साथ चर्चा हेतु बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## हाइब्रिड मोड मेडिएशन ट्रेनिंग प्रोग्राम का एक दिवसीय रोल प्ले सेशन आयोजित

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,भोपाल मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में होटल पलाश रेजिडेंसी, टीटी नगर,भोपाल में 40 घंटे के हाइब्रिड मोड मेडिएशन ट्रेनिंग प्रोग्राम का एक दिवसीय रोल प्ले सेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज कुमार श्रीवास्तव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल द्वारा सत्र का उद्घाटन किया गया। प्रतिभागियों में मध्य प्रदेश राज्य के 18 जिलों से सम्माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गण एवं तहसील विधिक सेवा समितियां के अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/न्यायाधीश उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनीत अग्रवाल न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारत रघुवंशी न्यायाधीश, जिला कोर्ट भोपाल भी उपस्थित रहे। दिल्ली की अनुजा सक्सेना एवं जबलपुर के शाहिद, द्वारा मास्टर ट्रेनर्स के तौर पर प्रतिभागियों को मध्यस्थता के गुर सिखाए गए। अभी तक मध्यस्थ कार्यक्रम 40 घंटे के होते थे जो 5 दिन तक चलते थे जिनमें प्रतिभागियों को भौतिक रूप से उपस्थित होना पड़ता था परंतु यह पहली बार है जब हाइब्रिड मोड़ से प्रशिक्षण का कुछ भाग वर्चुअल आयोजित किया गया है और कुछ भाग भौतिक रूप से उपस्थित होकर संपन्न किया गया है। न्यायाधीशगण के पास समय के भाव एवं अदालतो में कार्य अधिकता के कारण यह नई प्रक्रिया अपनाई गई है।

## फर्नीचर की दुकान में लगी आग, लाखों का माल जला



भोपाल (ए)। राजधानी के छोला मंदिर थाना इलाके में बीती रात उस समय हड़कंप मच गया जब एक फर्नीचर की दुकान में अचानक आग लग गई। जानकारी के मुताबिक खेजड़ा में स्थित फर्नीचर की दुकान को तेजी से फैलती आग ने देखते ही देखते पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि यहां मौजूद कर्मचारियों ने सही समय पर दुकान से बाहर कूद कर अपनी जान बचा ली, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक करीब 10 लाख का माल जल कर राख हो चुका था। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और दुकान में सारा लकड़ी का सामान होने के कारण तेजी से भड़क गई। फिलहाल घटना में आगे की जांच की जा रही है।

# भारत के भविष्य को नई दिशा देने की दूरदर्शी कार्य योजना है राष्ट्रीय शिक्षा नीति : राज्यपाल श्री पटेल

### क्वाटंम कम्प्यूटिंग और एआई जैसे न्यूज ऐज स्किल्स का प्रदेश में विस्तार आवश्यक

### म.प्र. में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 क्रियान्वयन, चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर हुई कार्यशाला

भोपाल (निप्र) । राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: क्रियान्वयन, चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राष्ट्रगान की धुन के साथ आरंभ हुई। कार्यशाला में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर विशेष रूप से उपस्थित थीं। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि मध्यप्रदेश को शिक्षा-परिवर्तन की दिशा में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए नीति की दिशा, लक्ष्य और समन्वित कार्य-संस्कृति के द्वारा प्रयास करने होंगे। युवाओं के द्वारा प्रदेश और देश समाज को बदलने के विश्वास का प्रतीक राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 है। यह भारत के भविष्य को नई दिशा देने की दूरदर्शी कार्ययोजना है, जिसका मूल स्वभाव 'समग्रता' है। उन्होंने नीति के लक्ष्यों समग्र शिक्षा, समग्र विकास और समग्र राष्ट्र-निर्माण से जुड़ी चुनौतियों और मध्यप्रदेश की विशेष परिस्थितियों में उपलब्ध संभावनाओं पर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सामूहिक विचार की पहल की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि नीति के एकीकृत स्नातक कार्यक्रम, बहु-प्रवेश-बहु-निर्गम व्यवस्था, शैक्षणिक बैंक ऑफ क्रेडिट और अनुसंधान-केंद्रित वातावरण आदि प्रावधान



उच्च शिक्षा को अधिक लचीला, आधुनिक और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता से समृद्ध बनाने का अवसर है। इसके लिए प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों को नवाचार, गुणवत्तापूर्ण संकाय विकास, डिजिटल अवसंरचना और उद्योग-शिक्षा सहभागिता के सुदृढ़ीकरण के कार्य समयबद्ध तरीके से करने होंगे।

# बच्चों में सीखने की ललक बढ़ाने के लिये शिक्षक प्राप्त करते रहें नई-नई जानकारी: केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री प्रधान

भोपाल (निप्र) । केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि बच्चों के व्यक्तित्व का बहुआयामी विकास हो, इसके लिये जरूरी है कि उन्हें मातृभाषा में पढ़ने के लिये प्रेरित किया जाएं। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई गई बातें समझने में मातृभाषा ज्यादा कारगर होती है। नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में अध्ययन को प्राथमिकता दी गई है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री प्रधान रविवार को भोपाल के शासकीय कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय टी.टी. नगर के निरीक्षण के बाद शिक्षकों से चर्चा कर रहे थे। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार और विधायक भगवानदास सबनानी भी उनके साथ थे।केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री प्रधान ने सांदीपनि विद्यालय की कक्षाओं में जाकर बच्चों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों की पाठ्यपुस्तकों को देखा और बच्चों से पढ़ाई के संबंध में बात की। मंत्री श्री प्रधान के विद्यालय पहुँचने पर छात्राओं ने बैंड की धुनों पर उनका स्वागत किया। उन्होंने आर्ट गैलरी, पुस्तकालय, बच्चों की मार्शल आर्ट वुशु के अभ्यास को देखा और विद्यालय के म्यूजिक रूम का भ्रमण किया। उन्होंने बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत पर प्रस्तुत धुनों को सुना और उसकी प्रशंसा की। मंत्री श्री प्रधान विद्यालय की अटल टिकरिंग



लैब में भी गए। वहां उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए साइंस मॉडल के बारे में जानकारी प्राप्त की। साइंस मॉडल और रोबोटिक्स लैब के उपकरणों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। मंत्री श्री प्रधान ने विद्यालय के ऑडिटोरियम को भी देखा और उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न खेलकूद, संगीत और साहित्यिक गतिविधियों के प्रति भी प्रेरित करें। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री प्रधान ने कहा कि बच्चों को पोषण आहार मिले, इसके लिये जन-भागीदारी के प्रयास किये जायें। मंत्री श्री प्रधान ने पालकों से भी संवाद किया। उन्होंने कहा कि पालक निरंतर स्कूल पहुँचकर बच्चों के बारे में जानकारी प्राप्त करते रहें। पालकों और शिक्षकों के समन्वय से ही बच्चों का सम्पूर्ण विकास हो सकेगा। उन्होंने शिक्षकों को प्रारंभिक कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों के शैक्षणिक अध्ययन पर गहन निगरानी रखने की समझाइश दी। मंत्री श्री प्रधान ने विद्यालय की विजिटर्स बुक पर लिखा कि अगले सत्र में इस विद्यालय की छात्राएं जेईई एवं नीट परीक्षा में चयनित हों इसके लिये शिक्षक सामूहिक रूप से प्रयास करें।आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता के लिये प्रदेश में हमारे शिक्षक ऐप के माध्यम से ऑनलाइन ई-अटेंडेंस प्रारंभ की गई है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप 799 स्कूलों को मॉडल स्कूलों में बदला जा रहा है। उन्होंने पीएमश्री स्कूल और सांदीपनि विद्यलाय के बारे में भी जानकारी दी। आयुक्त श्रीमती गुप्ता ने बताया कि सांदीपनि विद्यालय के बच्चों को विद्यालय तक लाने के लिये नि:शुल्क परिवहन सेवा उपलब्ध कराई गई है। स्कूलों में बच्चों को डिजिटल शिक्षा दिये जाने की व्यवस्था की गई है। प्राचार्य कमला नेहरू श्रीमती संगीता सक्सेना ने बताया किविद्यालय की स्थापना 1958 में हुई थी। वर्तमान में इस विद्यालय में कक्षा अरूण (के.जी.-1) से लेकर कक्षा 12 तक करीब 1500 छात्राओं को उच्च स्तर की शिक्षा दी जा रही है। निरीक्षण के दौरान राहुल कोठारी, पार्षद श्रीमती आरती अनेजा भी साथ थी।

## भारत टॉकीज पुल से ऐशबाग तक जाम, ट्रैफिक पुलिस गायब

### -5 घंटे से इंच-इंच रेंग रही गाड़ियां



भोपाल (ए) । भोपाल के ऐशबाग और आसपास के क्षेत्र में 5 घंटे से जाम लगा है। इस दौरान धक्का-मुक्की, गाड़ियों की टक्कर और आपसी विवाद के बीच कई जगह वाहन चालक आपस में भिड़ते नजर आए। पूरे रूट पर कहीं भी ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी नहीं दिखी।भारत टॉकीज पुल, सेंट्रल लाइब्रेरी और ऐशबाग थाने के पास वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं। जहांगीराबाद से बरखेड़ी और जिंसी से ऐशबाग जाने वाले रोड पर गाड़ियां इंच-इंच सरक रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोपहर करीब 1 बजे के बाद अचानक ट्रैफिक बढ़ा और गाड़ियां फंस गई। बाग उमराव दूल्हा ब्रिज पर भी यही हाल है। भोपाल में लगे जाम में सेना की गाड़ी भी फंस गई है। उसमें सवार जवान सड़कों पर उतर ट्रैफिक क्लियर कराने की कोशिश कर रहे हैं।

## *कार को बचाने के प्रयास में चालक ने डिवाइडर पर चढ़ा दी लाल बस, बड़ा हादसा टला*

*सभी यात्री सुरक्षित, बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त*

*भोपाल(ए)। राजधानी के कोहेफिजा थाना इलाके मे स्थित हलालपुर के पास उस समय बड़ा हादसा होने से टल गया जब यहॉ एक कार को बचाने के प्रयास में लाल बस डिवाइडर से टकरा गई। बताया गया है, बस नंबर एमपी04 पीए 3871 बैरागढ से अवधपुरी की ओर जा रही थी। तभी हलालपुर बस स्टेंड के सामने एक कार चालक को बचाने की कोशिश में बस चालक ने बस को सड़क पर बने डिवाइडर पर चढ़ा दिया। हादसे के समय में चालक, कंडक्टर सहित कई मुसाफिर सवार थे, सभी यात्री सुरक्षित है, और किसी को भी चोंट नहीं आई है। लेकिन घटना में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुचं गई थी।*



## जीरो वेस्ट इवेंट के प्रयास को भोपाल ने अपनी आदत में किया शामिल

भोपाल(आरएनएस) ।नगर निगम, भोपाल द्वारा शहर में आयोजित होने वाले बड़े आयोजनों को जीरो वेस्ट इवेंट बनाने हेतु निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में निगम अमले ने पूर्व में आयोजित बड़े-बड़े आयोजनों की तरह एक बार फिर कर्तव्य परायणता की मिसाल पेश करते हुए रविवार को आयोजित रन भोपाल रन को भी जीरो वेस्ट इवेंट बनाया और आयोजन स्थल व दौड़ के मार्गों से विभिन्न प्रकार के गीले-सूखे कचरे को पृथक-पृथक एकत्रकर निष्पादन स्थल तक पहुंचाने की कार्यवाही की। निगम के यह प्रयास अब शहर की आदत बनते जा रहे हैं। बड़े आयोजनों के समय व निगम की नियमित कार्यवाही के दौरान कचरा पृथक्कीकरण व एकत्रीकरण कार्य की निगम आयुक्त संस्कृति जैन द्वारा स्वयं मॉनीटरिंग भी की जा रही है।निगम आयुक्त संस्कृति जैन द्वारा बड़े आयोजनों के समय आयोजन स्थलों व अन्य स्थानों से गीले-सूखे व अन्य प्रकार के कचरे को एकत्रकर स्थल पर ही पृथक्कीकृत कर निष्पादन स्थल पहुंचाने संबंधी निर्देशों के परिपालन में निगम के अमले ने रविवार को प्रात: आयोजित रन भोपाल रन के आयोजन स्थलों एवं मार्गों पर तत्काल साफ-सफाई की और सूखे कचरे को एमआरएफ और गीले कचरे को खाद बनाने हेतु तथा फलों के छिलके आदि को गौशाला भेजने की कार्यवाही की।

## श्रीमति सावित्री सक्सेना जी पंच तत्व में विलीन



भोपाल (निप्र)। श्रीमती सावित्री सक्सेना जी का निधन लंबी बिमारी के कारण हो गया। जो कि स्वर्गीय श्री रमाशंकर सक्सेना जी की अर्धांगिनी थी। श्रीमती सक्सेना जी की अंतिम यात्रा दिनांक 7 दिसंबर 2025 दिन रविवार समय सुबह 11.30 बजे उनके निज निवास फ्लैट नंबर 204 आलयम रेजिडेंसी सूर्य कॉलोनी सी सेक्टर कोलार रोड भोपाल से भदभदा विश्राम घाट के लिये निकली गई जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिवार, रिश्तेदार सहित सगे संबंधी उपस्थित रहे।

## विश्वविख्यात तानसेन संगीत समारोह का 101वॉ संस्करण 15 से 19 दिसम्बर, 2025 तक

### पद्मविभूषण-पद्मश्री एवं शिखर सम्मान प्राप्त संगीतज्ञों की होंगी संगीत सभाएं

भोपाल (ए.)। विश्वविख्यात तानसेन संगीत समारोह का 101वॉ संस्करण 15 से 19 दिसम्बर, 2025 तक तानसेन समाधि स्थल, ग्वालियर में आयोजित किया जाएगा। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि संगीत-शिरोमणि तानसेन की पावन स्मृति और उनकी अलौकिक संगीत-परंपरा को अक्षुण्य बनाए रखने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिवर्ष विश्व-स्तरीय संगीत समागम तानसेन समारोह का भव्य आयोजन किया जाता है। इस आयोजन की सुरमई छटा में भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रति संगीतज्ञों तथा रसिक समाज का अनन्य प्रेम, समर्पण, साधना और आस्था सजीव रूप में अनुभव की जा सकती है। अपना शताब्दी वर्ष पूर्ण कर यह प्रतिष्ठित समारोह अब अपने 101वें स्वर्णिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। एक ऐसा पड़ाव, जहाँ परम्परा और नव-सृजन के सुर मिलकर संगीत की अनुपम गाथा रचते हैं।

# इंदौर समेत पूरे मध्यप्रदेश में ठिठुरन बढ़ी, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, अगले दो दिन संभलकर रहें



इंदौर (ए.) । सर्द हवाओं के चलते इंदौर समेत पूरे मध्यप्रदेश में ठिठुरन बढ़ गई है। बीती रात प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव देखा गया, जहां राजधानी भोपाल, इंदौर और ग्वालियर सहित कुल 26 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। इंदौर में तो शुक्रवार और शनिवार की रात में पारा 6.2 डिग्री तक चला गया था, यह पिछले 10 साल में दिसंबर का सबसे कम तापमान है। करीब 14 दिनों के अंतराल के बाद प्रदेश में एक बार फिर शीतलहर और कोल्ड डे का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने स्थिति को देखते हुए अगले दो दिनों तक शीतलहर चलने का अलर्ट जारी किया है।

**पश्चिमी विक्षोभ का असर**

मौसम विभाग के मुताबिक वर्तमान में चल रही ठंड का मुख्य कारण पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस है। इसके चलते पहाड़ी राज्यों जैसे हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी और बारिश हुई है। वहां से आ रही बर्फीली हवाओं ने मध्य प्रदेश का रुख किया है। पिछले 24 घंटों में भोपाल, राजगढ़, सीहोर, शाजापुर और शहडोल में शीतलहर का प्रभाव रहा, जबकि इंदौर, सिवनी और बैतूल में दिन काफी ठंडा रहा।

**ला नीना बढ़ा रहा सर्दी**

मौसम केंद्र भोपाल के पूर्व निदेशक के अनुसार इस बार वैश्विक मौसम मॉडल पहले से ही ला नीना के सक्रिय होने का संकेत दे रहे थे। ला नीना की स्थिति में प्रशांत महासागर ठंडा हो जाता है, जिससे हवाएं और अधिक ठंडी होकर एशिया और भारत की तरफ दबाव के साथ आती हैं। यही कारण है कि नवंबर माह से ही मध्य भारत में कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है।




## वॉशिंग सेंटर पर नाबालिग की करंट से मौत, मालिक पर केस दर्ज

इंदौर (ए.)। इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र में दिवाली से एक दिन पहले कार वॉशिंग सेंटर पर हुई नाबालिग की संदिग्ध मौत की गुत्थी सुलझ गई है। पुलिस ने जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर सर्विस सेंटर के संचालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया है। घटना के वक्त नाबालिग गाड़ी धो रहा था, तभी अचानक गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई थी।

**मालिक की लापरवाही से गई जान**

हीरानगर पुलिस ने शनिवार रात को कार्रवाई करते हुए यूएस कार सर्विस सेंटर के मालिक उत्तम ठाकुर पर धारा 304-ए (लापरवाही से मौत) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मृतक की पहचान 17 वर्षीय भोला, पुत्र लखन भूरियाले निवासी नंदा नगर के रूप में हुई है।



जप्त की गई मछली को नष्ट करती पुलिस।

## तीन हजार किलो प्रतिबंधित थाई मांगुर जब्त, तस्करी गिरोह का पर्दाफाश

नरसिंहपुर (ए.)। नरसिंहपुर जिले में प्रतिबंधित विदेशी मछली थाई मांगुर की तस्करी का बड़ा मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार देर रात कार्रवाई करते हुए करीब 3 हजार किलो प्रतिबंधित मछली जब्त की और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह मछली महाराष्ट्र के नागपुर से नर्मदापुरम ले जाई जा रही थी।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर स्टेशनगंज थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास नाकेबंदी कर दो पिकअप वाहनों को रोका। वाहनों में बाल्टियों में पानी भरकर ऊपर से तिरपाल से ढक कर मछलियां ले जाई जा रही थीं। जांच में प्रत्येक वाहन में करीब 1500-1500 किलो मछली पाई गई। वाहन क्रमांक MH-49-BZ-2008 और रू॥-49-BZ-5655 को जब्त कर लिया गया।

**बड़े गड्ढे में दफनाई गई मछलियां**

मत्स्य विभाग की उपस्थिति में जब्त मछलियों को पर्यावरण और जनस्वास्थ्य के लिए खतरा मानते हुए गहरे गड्ढे में दफना दिया गया। मत्स्योद्योग विभाग की सहायक संचालक बबीता चौरसिया ने बताया कि जांच में पुष्टि हुई है कि यह मछली थाईलैंड मूल की प्रतिबंधित प्रजाति है, जिस पर वर्ष 2000 से प्रतिबंध है।

# ओरछा को विश्वस्तरीय पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित किया जाये : मुख्य सचिव श्री जैन

>>> ओरछा का आर्थिक, सामाजिक विकास देखते हुए इंटीग्रेटेड मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश

>>> मुख्य सचिव ने ओरछा में विभिन्न निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



ओरछा (निप्र.)। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने ओरछा में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी परियोजनाएँ समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण की जाएँ जिससे ओरछा को विश्वस्तरीय पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने ओरछा शहर के आर्थिक, सामाजिक विकास को देखते हुए इंटीग्रेटेड मास्टर प्लान तैयार करने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव श्री जैन रविवार को पर्यटन नगरी ओरछा में विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव श्री जैन ने ओरछा में मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीराम राजा सरकार के दर्शन किए। उन्होंने जुझार महल एवं हरदौल वाटिका का निरीक्षण किया। श्री जैन ने कहा कि वेंडर जोन का निर्माण इस तरह करें जिससे पर्यटकों को आवागमन में सुविधा हो।उन्होंने कहा कि खजुराहो महोत्सव को ध्यान में रखते हुए बुंदेलखंड सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित करने की कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने ओरछा का मास्टर प्लान तैयार करने, पीपीपी मोड पर चल रहे कार्यों में स्थानीय नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने जिससे उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जा सके, के निर्देश दिये। मुख्य सचिव श्री जैन कंचना घाट भी पहुंचकर बेतवा नदी पर स्थित नवीन ब्रिज निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

## क्रूरता की श्रेणी में आता है बीमारी छुपाकर विवाह करना, पति के पक्ष में ज्यूडिशियल सेपरेशन के आदेश



जबलपुर (ए.)। हाईकोर्ट की जस्टिस विशाल धगट और जस्टिस बी.पी. शर्मा की युगलपीठ ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि बीमारी छुपाकर विवाह करना और बाद में बीमार करने की साजिश का झूठा आरोप लगाना क्रूरता की श्रेणी में आता है। ऐसा व्यवहार जीवनसाथी को मानसिक तनाव, आर्थिक हानि और भावनात्मक पीड़ा देता है। युगलपीठ ने कुटुंब न्यायालय के आदेश को निरस्त करते हुए अपीलकर्ता पति के पक्ष में ज्यूडिशियल सेपरेशन का आदेश जारी किया है।

मंडला निवासी डॉ. महेंद्र कुशवाहा ने कुटुंब न्यायालय द्वारा उनके ज्यूडिशियल सेपरेशन आवेदन को खारिज किए जाने के विरुद्ध हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। अपील में कहा गया था कि उनकी पत्नी के साथ अरेंज मैरिज हुई थी, और विवाह से पहले वह मिर्गी की बीमारी से पीड़ित थीं, लेकिन यह तथ्य उनसे छुपाया गया। विवाह के बाद जून और जुलाई 2022 में पत्नी को मिर्गी के दौरे आने पर उन्हें इसकी जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने ज्यूडिशियल सेपरेशन के लिए आवेदन किया था।

सुनवाई के दौरान पत्नी ने बीमारी से इंकार करते हुए पति और सास पर बदनीयती से बहुत मीठा खाना खिलाकर उन्हें बीमार करने का आरोप लगाया। पत्नी की ओर से तर्क दिया गया कि बीमारी के कठिन समय में ज्यूडिशियल सेपरेशन देना उसके साथ क्रूरता होगी, तथा पति को उनकी देखभाल करनी चाहिए। उसने दावा किया कि मिर्गी का इलाज संभव है और यह बीमारी विवाह के बाद हुई है।

## दुखों का पहाड़! महीने भर पहले फौजी भाई की मौत, अब बड़े भाई की हादसे में मौत



इंदौर (ए.)। इंदौर के खुड़ैल थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां हनुमान मंदिर से दर्शन कर लौट रहे दो दोस्तों की बाइक को एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक कंस्ट्रक्शन व्यापारी की मौत हो गई, जबकि उनका दोस्त गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है, क्योंकि महज एक महीने पहले ही उनके छोटे भाई का भी निधन हुआ था।

**हादसा जामनिया रिसोर्ट के पास हुआ**

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, यह दुर्घटना देवगुराड़िया स्थित जामनिया रिसोर्ट के पास हुई। सांईबाबा नगर निवासी जितेंद्र राजदेव वर्मा (36) और शांतिनाथपुरी निवासी उनके दोस्त रोहित वर्मा बाइक पर सवार होकर इंदौर शहर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक अन्य तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

# व्यापार समाचार

## देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट, सोने के भंडार में बढ़ोतरी



नई दिल्ली (ए.)। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बीते एक हफ्ते में गिरावट आई है। देश के केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक ने जो आंकड़े जारी किए हैं, उनके मुताबिक 28 नवंबर को खत्म हुए सप्ताह में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 1.88 अरब डॉलर की गिरावट आई है और अब भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 686 अरब डॉलर रह गया है। 21 नवंबर को खत्म हुए सप्ताह में भी देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट दर्ज की गई थी और यह 4.4 अरब डॉलर घटकर 688 अरब डॉलर रह गया था। अब लगातार दूसरे सप्ताह भी इसमें कमी दर्ज की गई है।

**सोने के भंडार में तेजी**

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी विदेशी मुद्रा संपत्ति (एफसीए) का है, जो 557 अरब डॉलर है। इसमें 3.5 अरब डॉलर की गिरावट आई है। हालांकि सोने के भंडार में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसमें 1.6 अरब डॉलर की तेजी आई है और यह 105 अरब डॉलर पहुंच गया है। गौरतलब है कि इससे पहले 27 सितंबर 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपना विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 billion के रिकार्ड उच्चतम स्तर पर था।

**एसडीआर में बढ़ोतरी**

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, बीते सप्ताह भारत के स्पेशल ड्रॉइंग राइट या विशेष आहरण अधिकार (SDR) में मामूली बढ़ोतरी हुई है। बीते सप्ताह के दौरान एसडीआर में 6.3 करोड़ डॉलर की मामूली बढ़ोतरी हुई है। अब यह बढ़ कर 18 अरब डॉलर का हो गया है। इसी सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के पास रखे हुए देश के रिजर्व मुद्रा भंडार में भी 1.6 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। अब अपना आईएमएफ रिजर्व बढ़ कर4.7 अरब डॉलर का हो गया है।

## राहतः वैश्विक खाद्य कीमतों में गिरावट, दूध-तेल चीनी सस्ता; लगातार तीसरे माह कीमतों में गिरावट दर्ज की गई



नई दिल्ली (ए.)। वैश्विक महंगाई के दबाव के बीच नवंबर उपभोक्ताओं के लिए राहत भरा महीना साबित हुआ। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के मुताबिक लगातार तीसरे महीने विश्व स्तर पर खाद्य कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। दूध, तेल, चीनी और मीट जैसी प्रमुख वस्तुएं सस्ती हुईं, जबकि अनाज समूह में बढ़ोतरी देखी गई। एफएओ का वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक नवंबर में 125.1 पॉइंट रहा, जो अक्तूबर 2025 की तुलना में 1.2 फीसदी कम है और मार्च 2022 के रिकॉर्ड स्तर से करीब 22 फीसदी नीचे आ चुका है।

# अनिल अंबानी पर फिर ईडी का शिकंजा, अब 1,120 करोड़ की संपत्तियां जब्त




मुंबई (आरएनएस) । कर्ज में डूबे उद्योगपति अनिल अंबानी और उनके रिलायंस ग्रुप की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने शिकंजा कसते हुए एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने रिलायंस अनिल अंबानी समूह की 1,120 करोड़ रुपये मूल्य की 18 से अधिक संपत्तियों, फिक्स्ड डिपॉजिट और शेयरों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई यस बैंक धोखाधड़ी, रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में की गई है।

**क्या-क्या हुआ जब्त ?**

ईडी द्वारा की गई इस कार्रवाई में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की 7, रिलायंस पावर लिमिटेड की 2 और रिलायंस वैल्यू सर्विस प्राइवेट लिमिटेड की 9 प्रमुख संपत्तियों को जब्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, जांच एजेंसी ने रिलायंस वेंचर एसेट मैनेजमेंट, मेसर्स फी मैनेजमेंट सॉल्यूशंस और आधार प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी जैसी विभिन्न कंपनियों के नाम पर जमा फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) और अनकोटेड निवेश को भी अपने कब्जे में ले लिया है।

**अब तक 10,117 करोड़ की संपत्ति अटैच**

ईडी इससे पहले भी इस मामले में 8,997 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां जब्त कर चुकी है। ताज़ा कार्रवाई को मिलाकर अब तक कुल अटैचमेंट का आंकड़ा 10,117 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। एजेंसी ने अपनी जांच में पाया कि रिलायंस कम्युनिकेशंस, रिलायंस होम फाइनेंस और रिलायंस पावर जैसी कंपनियों ने बड़े पैमाने पर 'पब्लिक मनी' का गबन किया है।

## सरकार फसल उत्पादकता और किसानों की आजीविका को बेहतर बनाने के लिए कर रही है एआई टूल्स का इस्तेमाल



नई दिल्ली (ए.) । सरकार कृषि क्षेत्र की समस्याएं हल करने, खेती की पैदावार बढ़ाने, खेती को टिकाऊ बनाने और किसानों की आय सुधारने के लिये 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स' यानी एआई का उपयोग कर रही है। इसी उद्देश्य से 'डेवलपमेंट इनोवेशन लैबङ्कइंडिया' के साथ मिलकर एक एआई-आधारित परीक्षण किया गया। इसके तहत खरीफ 2025 के लिये 13 राज्यों के कुछ क्षेत्रों में स्थानीय मानसून आने के समय का पूर्वानुमान तैयार किया गया।

कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर के अनुसार, एक ओपन-सोर्स ब्लेंडेड मॉडल का इस्तेमाल किया गया। इसमें 'न्यूरल-जीसीएम', 'यूरोपीय सेंटर फॉर मीडियम-रेंज वेदर फोरकास्ट्स' यानी ईसीएमडब्ल्यूएफ का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फोरकास्टिंग सिस्टम (एआईएफएस) प्रणाली और भारतीय मौसम विभाग के 125 वर्ष के वर्षा आंकड़े शामिल किए गए।

## सैमसंग का कैमरा किंग फोन 'कौड़ियों' के दाम : 60 हजार वाला स्मार्टफोन मिल रहा सिर्फ 31 हजार में, फ्लिपकार्ट सेल में मची लूट



नई दिल्ली (ए.)। अगर आप भी कम बजट में एक प्रीमियम और दमदार कैमरा वाला फोन खरीदने का प्लान बना रहे हैं, तो यह खबर आपके चेहरे पर मुस्कान ला सकती है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट पर चल रही 'फ्लिपकार्ट बाय बाय 2025 सेल' (Flipkart Buy Buy w®wz Sale) में सैमसंग का फ्लैगशिप स्मार्टफोन Samsung Gala&y Swy FE लगभग आधी कीमत पर मिल रहा है। ग्राहकों के लिए यह किसी सुनहरे मौके से कम नहीं है क्योंकि एक मिड-रेंज फोन के बजट में उन्हें फ्लैगशिप फीचर्स वाला फोन मिल रहा है।

सेल के दौरान इस फोन की कीमत में भारी कटौती की गई है। 5 दिसंबर से शुरू होकर 10 दिसंबर तक चलने वाली इस सेल में Samsung Gala&y Swy FE को बेहद सस्ते दाम में लिस्ट किया गया है। वैसे तो इस फोन की लॉन्च कीमत 59,999 रुपये थी, लेकिन मौजूदा सेल में यह फोन मात्र 31,999 रुपये में उपलब्ध है। इसका सीधा मतलब है कि ग्राहकों को फ्लैट 28,000 रुपये का डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसके अलावा, कंपनी पुराने फोन पर एक्सचेंज ऑफर भी दे रही है, जिसके तहत आप 30,399 रुपये तक की अतिरिक्त बचत कर सकते हैं।

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने नागालैंड के लिए 645 करोड़ के विकास पैकेज का अनावरण किया



कोहिमा (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक्ट ईस्ट विजन' से प्रेरित केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने शुक्रवार को नागालैंड में 645 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री गुरुवार को नागालैंड के तीन दिवसीय दौरे पर दीमापुर पहुंचे। इस दौरान सिंधिया ने राज्य के लिए एक प्रमुख विकास पैकेज का अनावरण किया। इस दिन 202 करोड़ रुपए से अधिक की पूरी हो चुकी परियोजनाओं का उद्घाटन और लगभग 443 करोड़ रुपए की नई पहलों की आधारशिला रखी गई, जिससे कुल निवेश 645 करोड़ रुपए से अधिक हो गया।

भारत सरकार द्वारा पूर्वोत्तर में रणनीतिक संपर्क बढ़ाने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने के तहत, प्रमुख सड़क गलियारों को मजबूत करने और प्रमुख मार्ग उन्नयन के माध्यम से हवाई अड्डों से जुड़ी कनेक्टिविटी में सुधार पर विशेष जोर दिया गया है। पूर्वोत्तर के लिए प्रधानमंत्री मोदी के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए सिंधिया ने कहा कि एक्ट ईस्ट नीति पर नए सिरे से जोर देने से पूरे क्षेत्र में विकास को गति मिली है, इससे विकास पथ को नया आकार मिला है और बुनियादी ढांचे के निर्माण में अभूतपूर्व गति आई है।

सिंधिया ने इस बात पर जोर दिया कि नागालैंड की युवा और महत्वाकांक्षी आबादी में न केवल राज्य की प्रगति को गति देने की क्षमता है, बल्कि भारत की समग्र विकास गाथा में भी महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता है। पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री द्वारा उद्घाटन की गई 202 करोड़ रुपए की परियोजनाओं में 24.46 करोड़ रुपए की लागत से 132 केवी सब-स्टेशन अपग्रेड, नागराजन (दीमापुर), 20 करोड़ रुपए की लागत से आवासीय सुविधाओं के साथ शिक्षक प्रशिक्षण और परीक्षा केंद्र, 18.95 करोड़ रुपए की लागत से 190 स्कूलों में आईसीटी अवसंरचना शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री ने स्वास्थ्य, खेल, नवाचार, ऊर्जा और प्रमुख सड़क विकास को कवर करते हुए लगभग 443 करोड़ रुपए की दस नई परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। जिन अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया, उनमें फोमचिंग-लोंगडिंग रोड (20.9 किमी, 58 करोड़ रुपए), थिजामा-चीथु एयरपोर्ट रोड (18.24 किमी, 42.6 करोड़ रुपए), खोनोमो-एनएच-29 रोड वाया दजुद्जा नदी (9.15 किमी, 26.5 करोड़ रुपए), और एमलोई-घुके जंक्शन रोड (13.70 किमी, 29.8 करोड़ रुपए) शामिल हैं।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# सर्व धर्म प्रार्थना की परंपरा

भारतीय सेना ने सर्व धर्म प्रार्थना की परंपरा अपने धर्मनिरपेक्ष चरित्र के अनुरूप स्थापित की है। अपेक्षित है कि ऐसे सिद्धांतों पर दृढ़ता से अमल किया जाए- चाहे मामला किसी भी धर्मावंबी से जुड़ा हुआ हो।सुप्रीम कोर्ट ने यह उचित व्याख्या की है कि कोई सैनिक भारतीय सेना के सामूहिक आचार-धर्म के ऊपर धर्म की अपनी निजी व्याख्या को तरजीह नहीं दे सकता। इस तरह न्यायालय ने उपरोक्त सैनिक के खिलाफ सेना प्रशासन की कार्रवाई को सही ठहराया। इस सैनिक ने अपने रेजीमेंट के सर्व धर्म स्थल पर जाकर प्रार्थना करने से इनकार कर दिया था। इस रुख पर कायम रहने के कारण सेना से उसे बर्खास्त कर दिया गया, जिस निर्णय को उसने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। उसकी तरफ से दलील दी गई कि ईसाई धर्म एक ईश्वर की धारणा में आस्था में रखता है, इसलिए जहां विभिन्न महजबों के धर्मों के पूजा स्थल हों, किसी ईसाई को वहां प्रार्थना करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की खंडपीठ ने इस दलील को ठुकरा दिया। कहा कि इस सैनिक ने सेना के अनुशासन, समरसता और अपने साथियों के लिए सम्मान की भावना के ऊपर 'धार्मिक अहंकार' को प्राथमिकता दी। स्पष्टत: किसी बहु-धर्मीय समाज में ऐसे रुख के साथ समन्वय नहीं बनाया जा सकता। भारतीय सेना ने सर्व धर्म प्रार्थना की परंपरा अपने धर्मनिरपेक्ष चरित्र के अनुरूप स्थापित की है। जो भी भारतीय सेना में भर्ती होता है, उसे इस व्यवहार संहिता का पालन अवश्य करना चाहिए। अपेक्षित है कि ऐसे सिद्धांतों पर ना सिर्फ जोर दिया जाए, बल्कि उस पर दृढ़ता से अमल भी किया जाए- चाहे मामला किसी भी धर्मावंबी से जुड़ा हुआ हो। असल में इस सिद्धांत पर अमल की आवश्यकता सिर्फ सेना में ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक जीवन से जुड़े हर क्षेत्र में है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हाल के दशकों में भारत में ऐसे उदात्त सिद्धांतों को कई हलकों से चुनौती दी गई है, जिससे समाज में सद्भाव का माहौल बिगड़ा है। इससे सेना जैसी संस्थाओं को अप्रभावित रखने की चुनौती आज और बढ़ी हुई महसूस होती है। उसके बीच सुप्रीम कोर्ट ने संवैधानिक भावना के अनुरूप सर्व-धर्म सद्भाव के महत्त्व को रेखांकित करते हुए प्रशंसनीय निर्णय दिया है। इस निर्णय की भावना को बेहिचक एवं बिना किसी भेदभाव के अंगीकार किया जाना चाहिए।



रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर फ्लाइट में रुकावट के बीच इंडिगो एयरलाइंस के काउंटर पर पूछताछ करते यात्री।

# नारी शक्ति से विकास: महिलाओं के नेतृत्व वाली प्रगति पर फोकस करने की ज़रुरत

लक्ष्मी पुरी

लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण हमारे उज्जवल आज और बदलते कल के लिए बेहद ज़रुरी आधार है। तेज़ रफ्तार से आगे बढ़ते इस वक्त में हम लैंगिक समानता हासिल करने के लिए एक और शताब्दी तक इंतज़ार नहीं कर सकते। नारी शक्ति और भारत की विश्व को सभ्यतागत देन, महिलाओं को देवी के रूप में देखने की मूल अवधारणा को अब महज़ एक प्रतीक से आगे ले जाकर व्यावहारिक जीवन में लाना होगा और महिलाओं के प्रति सम्मान की हमारी विरासत को महिलाओं के नेतृत्व वाले सतत् विकास के मार्ग पर ले जाना होगा।

जब आधी मानवता की स्वतंत्रता और जीवन जीने के अवसर बढ़ते हैं, तो नए समाज में फिर से एक नई ऊर्जा का संचार होता है। लैंगिक समानता अपने आप में एक आदर्श विचार है, और सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, तकनीकी और पर्यावरणीय प्रगति का एक शक्तिशाली कारक भी है। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट की 2015 की रिपोर्ट, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों पर आधारित वर्ष 2024 का विश्लेषण और ईवाय का इंडिया@100 कार्य, मिलकर एक ठोस आर्थिक तर्क पेश करते हैं: लैंगिक अंतर को कम करने से सकल घरेलू उत्पाद में 20 से 30% की वृद्धि हो सकती है और यह भारत के लिए 2047 तक 28 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए बेहद ज़रुरी है।

भारत एक जनसांख्यिकीय दौर से गुज़र रहा है। हमारी युवा आबादी का तभी लाभ उठाया जा सकता है, जब वह महिलाओं के लिए फायदेमंद हो। प्रजनन क्षमता घट रही है और लड़कियों तथा युवतियों की महत्वाकांक्षाएँ बढ़ रही हैं, भारत अब उच्च शिक्षा में लगभग बराबरी पर है और करीब 43% स्टेम छात्राएँ हैं। कई सालों तक महिलाओं के काम को अनौपचारिक और अदृश्य बनाए रखने के बाद, आखिरकार महिलाओं की श्रमशक्ति में भागीदारी फिर से बढ़ने लगी है और अब इसे बेहतर गुणवत्ता, औपचारिक और भविष्य के लिए तैयार नौकरियों में तब्दील होना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की एक खास विशेषता ऐसे प्रमुख कार्यक्रमों को लक्षित करना है, जिनमें महिलाएँ प्रमुख लाभार्थी हैं। इसके अलावा बुनियादी ढाँचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े ऐसे कार्यक्रम भी सरकार के फोकस में हैं, जो लैंगिक भेदभाव के प्रति संवेदनशील हैं। छात्रवृत्ति, छात्रावास और आरक्षित सीटों ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा में महिलाओं की मौजूदगी को बढ़ाया है और ज्ञान, स्वास्थ्य, हरित और देखभाल अर्थव्यवस्थाओं में उनके लिए नए रास्ते खोले हैं। डिजिटल मिशन और ग्रामीण कार्यक्रमों ने करोड़ों महिलाओं को प्रशिक्षित किया है और उनके हाथों में किफायती डेटा वाले स्मार्टफोन और जन धन



खाते दिए हैं, जिससे उन्हें सूचना, बाज़ार और सेवाओं तक सीधी पहुँच मिली है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा, स्वच्छ भारत और प्रधानमंत्री आवास जैसी प्रमुख योजनाओं ने करोड़ों महिलाओं को स्वच्छ ऊर्जा, ऋण तक पहुँच, स्वच्छता और सुरक्षित आवास जैसी सुविधाएं दी हैं, जबकि सुकन्या समृद्धि और लखपति दीदी जैसी योजनाओं ने उनके बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और उनकी आय में बढ़ोत्तरी को मुमकिन बनाया है। अब अगले स्तर पर उन्हें निर्णायक रूप से लाभार्थी से अधिकार पति, यानी अधिकारों के प्राप्तकर्ता से पूर्ण अधिकार धारक और अर्थव्यवस्था तथा समाज में फैसला लेने वाली महिला के रूप में स्थापित करना होगा। 2030 तक लैंगिक समानता पर सतत् विकास लक्ष्य 5 को प्राप्त करने का यही असल सार है। भारत में अंतर्संबंध का अर्थ है, कि कई महिलाओं को गरीबी, जाति, जनजाति, धर्म, दिव्यांगता या स्थान के कारण कई स्तरों पर मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। तीन तलाक के उन्मूलन ने मुस्लिम महिलाओं के विवाह अधिकारों को मज़बूत किया है। जनजातीय पृष्ठभूमि की महिला, द्रौपदी मुर्मू का भारत के राष्ट्रपति के रूप में चुनाव इस बात का प्रतीक है कि हाशिए पर रहने वाले समाज की महिला एक गणतंत्र में किस ऊँचाई तक पहुँच सकती है और लैंगिक और सामाजिक न्याय के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को और गहरा कर सकती है। मौजूदा वक्त में हमें जिस कल का निर्माण करना है, वह ऐसा होना चाहिए, जिसमें विकास के ऐसे उदाहरण, असाधारण न होकर, व्यवस्था का हिस्सा हों और व्यापक रुप से दिखाई दें।

हिंसा से मुक्ति, एक लैंगिक समानता वाले समाज का अनिवार्य आधार बनी हुई है। घरेलू दुर्व्यवहार और मानव तस्करी से लेकर कार्यस्थल पर उत्पीड़न और ऑनलाइन घृणा तक, महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हर प्रकार की हिंसा को खत्म करना, हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर होना चाहिए, साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य और यौन तथा प्रजनन अधिकारों पर निरंतर काम करना चाहिए, जो स्वायत्तता और सम्मान की गारंटी देते हैं।

राजनीतिक आवाज़ और नेतृत्व हर दूसरे हस्तक्षेप के प्रभाव को कई गुना बढ़ा देते हैं और महिलाओं को भविष्य के नियमों को आकार देने की ताकत देते हैं। जमीनी स्तर पर, पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में 33त्न से 50त्न आरक्षण ने 15 लाख महिला नेताओं को जन्म दिया है। लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने वाला नारी शक्ति वंदन अधिनियम, कानून निर्माण और शासन में वास्तविक समानता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। जैसा कि हाल ही में बिहार में देखा गया, महिलाएँ चुनावी नतीजों को भी नया रूप दे रही हैं, जहाँ जागरूक मतदाता सुरक्षा, गतिशीलता, शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के क्षेत्र में काम करने वाली सरकारों को चुन रहे हैं। संस्कृति एक बुनियादी ढाँचा है, जिसके ज़रिए कोई भी समाज खुद को समझता है और अपने भविष्य की कल्पना करता है। सदियों से, इसका निर्माण पितृसत्ता के पुरुषवादी दृष्टिकोण से हुआ है, यहाँ तक कि उन सभ्यताओं में भी जहाँ महिलाओं की पूजा की जाती थी। आज, मीडिया और साहित्य से लेकर सिनेमा, संगीत, खेल और डिजिटल सामग्री तक, रचनात्मक उद्योगों में महिलाएँ उस पटकथा को नए सिरे से लिख रही हैं और देवी के विचार को दोबारा एक नई परिभाषा दे रही हैं, ताकि उनके प्रति श्रद्धा को घर, अर्थव्यवस्था और सार्वजनिक क्षेत्र में समान अधिकार, समान सम्मान और साझा ज़िम्मेदारी के रूप में दर्शाया जा सके।

परिवर्तन के अगले स्तर का नेतृत्व अब संसदों के साथ-साथ कार्यालयों, बोर्ड रूम, प्रयोगशालाओं और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म से भी होना चाहिए। सरकारी विभागों और राजनीतिक दलों से लेकर विश्वविद्यालयों, अनुसंधान परिषदों, स्टार्टअप्स और बड़े निगमों तक, हर संस्थान को लैंगिक समानता को अपने डीएनए में शामिल करना होगा। इसका अर्थ है कि लैंगिक समानता वाली शिक्षा से लेकर नौकरियों की मूल्य श्रृंखला तक, जहाँ लड़कियाँ कक्षाओं से आगे बढ़कर व्यापक उद्योग 4.0 व्यवस्था तंत्र में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में करियर बना सकें। इसका एक दूसरा अर्थ ये भी है कि कॉर्पोरेट नेता और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भर्ती, प्रतिधारण, दोबारा प्रवेश और पदोन्नति में समानता के लिए प्रतिबद्ध हों और वरिष्ठ प्रबंधन और बोर्ड में और ज्यादा महिलाओं को शामिल करें। इसके लिए एक शोध और नवाचार प्रणाली और एक स्टार्टअप संस्कृति को तैयार करना होगा, जहां महिला संस्थापक, वैज्ञानिक और रचनाकार समान शर्तों पर ऋण, मार्गदर्शन और बाज़ार तक पहुँच सकें।

# (दो टूक) बदलती दुनिया में भारत-रूस की अटल साझेदारी

**योगेश कुमार गोयल**

विश्व राजनीति की जटिलताओं और शक्ति-संतुलन के नए उभार के बीच कुछ संबंध ऐसे होते हैं, जो समय के साथ अपनी प्रासंगिकता को विस्तार देते हुए नई दिशाएं निर्धारित करते हैं। भारत और रूस का रिश्ता ऐसे ही संबंध का उदाहरण है, जो युद्धों, तकनीकी क्रांतियों, आर्थिक परिवर्तन और वैश्विक संरेखणों के अनेक चक्रों से गुजरते हुए भी ध्रुव तारे की तरह स्थिर बना रहा है। यह स्थिरता वैश्विक परिदृश्य में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता, रूसी विश्वास और दोनों देशों के साझा हितों का परिणाम है। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में 5 दिसंबर को आयोजित 23वें वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन ने इस ऐतिहासिक स्थिरता को पुनर्पुष्ट करते हुए भविष्य की दिशा स्पष्ट कर दी। यह रिश्ता अब अतीत का बोझ नहीं, भविष्य की वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में एक सक्रिय और आवश्यक घटक है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-रूस संबंधों को 'ध्रुव तारे की तरह स्थिर' कहा तो वह केवल एक कूटनीतिक प्रशंसा वाक्य नहीं था। ध्रुव तारा दिशा दिखाने वाला स्थायी प्रकाश-स्रोत है और भारत-रूस संबंध भी आज वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं, ऊर्जा-भू-राजनीति, उभरती तकनीकों, व्यापारिक विविधीकरण और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की दिशा तय करते प्रतीत होते हैं।

इस शिखर वार्ता ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत और रूस के बीच संबंध राष्ट्रीय हित, परस्पर सम्मान और साझा दृष्टिकोण की दृढ़ बुनियाद पर टिके हैं। ऐसे समय में, जब वैश्विक राजनीति अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता, यूरोपीय सुरक्षा संकट, पश्चिमी प्रतिबंधों, नाटो विस्तार और यूक्रेन युद्ध के दबावों से आकंठ भरी हुई है, भारत और रूस का संबंध संतुलन, स्वायत्तता और दीर्घकालिक नीति-दृष्टि का मॉडल बनकर उभर रहा है। दोनों देशों ने 'भारत-रूस आर्थिक सहयोग कार्यक्रम 2030' नामक नए रोडमैप को मूर्त रूप दिया, जो व्यापार, ऊर्जा, उर्वरक, तकनीकी नवाचार, समुद्री अवसंरचना, श्रम गतिशीलता और रणनीतिक उद्योगों में साझेदारी को एक व्यापक और भविष्यनिष्ठ आधार प्रदान करता है। यह समझौता दो देशों के व्यापारिक हितों का विस्तार नहीं बल्कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में डॉलर वर्चस्व को चुनौती देने वाली और बहुध्रुवीय आर्थिक संरचना को स्थापित करने वाली एक साहसिक पहल भी है।

भारत और रूस के बीच व्यापारिक संबंधों की प्रकृति अब मूल्य, तकनीक और रणनीतिक नियंत्रण पर आधारित होती जा रही है। 2024 में दोनों देशों का व्यापार 64 अरब डॉलर तक पहुंच चुका था और अब 2030 तक इसे 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य उस नई आर्थिक संरचना की घोषणा है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच 96 प्रतिशत भुगतान रुपये और रूबल में होने लगा है। इस तथ्य का अर्थ वैश्विक आर्थिक विमर्श में अत्यधिक दूरगामी है, जो न केवल डॉलर की निर्भरता को चुनौती देता है बल्कि वैश्विक व्यापार को एक ऐसी राह पर ले जाता है, जहां मुद्रा-स्वायत्तता, आर्थिक आत्मनिर्भरता और बहु-मुद्रा व्यापार व्यवस्था भविष्य का आधार बन सकती है। शिखर सम्मेलन में कृषि-उद्योग क्षेत्र में उर्वरक उत्पादन पर सहमति आने से भारत की खाद्य और कृषि सुरक्षा रणनीति को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। आज जहां दुनिया संसाधन-संकट, कृषि लागत, उत्पादन सीमाएं और उर्वरक आपूर्ति से संबंधित अनिश्चितताओं का सामना कर रही है, वहीं भारत और रूस का संयुक्त यूरिया उत्पादन कार्यक्रम भारत को केवल खरीदार देश नहीं, वैश्विक कृषि-आपूर्ति श्रृंखला में सक्रिय उत्पादक राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा। यह भारत की आत्मनिर्भर कृषि नीति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा के दीर्घकालिक ढ़ांचे को सुदृढ़ करेगा।

# क्यों हो रहा है भारतीय रुपए का अवमूल्यन

**प्रहलाद सबनानी**

माह जनवरी 2025 में भारतीय रुपए का अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य 85.79 रुपया प्रति अमेरिकी डॉलर था। 3 दिसम्बर 2025 को रुपए का बाजार मूल्य लगभग 5 प्रतिशत घटकर 90.19 रुपया प्रति डॉलर हो गया। पिछले कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए का बाजार मूल्य लगातार गिर रहा है और हाल ही के समय में रुपए के बाजार मूल्य में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज हुई है। जबकि, वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में भारत की आर्थिक विकास दर पिछली 8 तिमाहियों में सबसे अधिक रिकार्ड 8.2 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ी है तथा खुदरा मुद्रा स्फीति की दर 0.25 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई है। भारत में वृहद अर्थव्यवस्था के विभिन्न मानदंडो के मजबूत बने रहने के बावजूद एशियाई देशों के बीच भारतीय रुपए की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में सबसे तेज गति से गिरी है।

दरअसल, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए की कीमत में गिरावट के मुख्य कारण वैश्विक स्तर पर आर्थिक जगत में घट रही कुछ घटनाओं में छुपे हुए हैं, अन्यथा भारतीय अर्थव्यवस्था तो मजबूत स्थिति में बनी हुई है। ट्रम्प प्रशासन द्वारा विभिन्न देशों से अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के होने वाले आयात पर टैरिफ की दरों में वृद्धि किए जाने से वैश्विक स्तर पर विदेश व्यापार में लगातार दबाव बना हुआ है। भारत से अमेरिका को होने वाले उत्पादों के निर्यात पर तो 50 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया गया है, जिसके चलते भारत से कुछ उत्पादों यथा, रेडीमेड गारमेंट्स, कृषि उत्पाद, लेदर उत्पाद, समुद्री जीवों का उत्पाद, जेम्स एवं ज्वेलरी आदि के अमेरिका को होने वाले निर्यात विपरीत रूप से प्रभावित हो रहे हैं एवं इससे भारत को अमेरिकी डॉलर का अंतरप्रवाह कम हो रहा है और व्यापार घाटे में वृद्धि दर्ज हो रही है। पिछली तिमाही के दौरान भारत के कुल आयात 18,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रहे हैं जबकि निर्यात केवल 10,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रहे। इस प्रकार, 8,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का व्यापार घाटा दर्ज हुआ है।




मेष राशि: मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपको नई नौकरी के लिए आज ऑफर आ सकता है। परिवारजनों के आपसी तालमेल बनाकर रखें। व्यापार करने वालों के लिए अच्छे लाभ की प्रबल संभावना है। निवेश का अच्छा रिटर्न मिलेगा।

वृष राशि: वृष राशि वालों आज आपका दिन लकी रहेगा। किसी सिलसिले में विदेश यात्रा का मौका मिल सकता है। कार्य क्षेत्र में कुछ चुनौतियां आ सकती हैं। अपने व्यापार को और बढ़ाने के लिए नया प्लान बनायेंगे, योजनाएं सफल होंगी।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आपके लिए बदलाव लाने वाला दिन रहेगा। किसी अनुभवी व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। जिससे आपको अच्छा सहयोग मिलेगा। आपके व्यापार में लाभ होगा। किसी पारिवारिक आयोजन पर धन खर्च हो सकता है।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आपका दिन अच्छा बीतेगा। आप अच्छी रणनीति के साथ कार्यक्षेत्र का काम करेंगे। सहकर्मियों के साथ आपके ताल-मेल अच्छे रहेंगे। आप अपने जीवनसाथी के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। पारिवारिक खर्च बढ़ेंगे।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज के दिन आपकी पॉजिटिविटी बनी रहेगी। आज कार्य क्षेत्र में काम का दबाव रहेगा। आप समय पर कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपके करियर में प्रगति के योग हैं।

कन्या राशि: कन्या राशि वालों वालों आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। कार्य क्षेत्र में आपको आज ज्यादा काम मिल सकता है। आपको आपके कलीग्स से पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार करने वालों को लाभ के योग हैं।

तुला राशि: आपके लिए सकारात्मक बदलाव लाने वाला दिन है। प्राइवेट सेक्टर में जॉब करने वाले लोगों को आज अच्छा प्रोजेक्ट मिल सकता है। जिसमें आप अपनी पूरी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आपके लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। नौकरी में बॉस का सहयोग मिलेगा। जिससे आपको काफी लाभ होने की संभावना है। साझेदारी के व्यापार में तालमेल अच्छा बना रहेगा। आपको किसी के माध्यम से धन लाभ हो सकता है।

धनु राशि: धनु राशि वालों आपके लिए सफलता दिलाने वाला दिन है। आपके सभी काम बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आज बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। जिसमें आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। कुछ कार्यों को लेकर आज भाग-दौड़ हो सकती है।

मकर राशि: मकर राशि वालों आज आप का उत्साह बढ़ेगा। आप अपने आपको भाग्यशाली अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको नए मौके मिलेंगे। जीवनसाथी से आपको प्यार और सम्मान मिलेगा। जल्दबाजी में आज निर्णय लेने से बचें। आप के सामने कुछ भावनात्मक चुनौतियां आएंगी।

कुम्भ राशि: कुम्भ राशि वालों आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आपको किसी बड़े लाभ की प्राप्ति हो सकती है। आपको आध्यात्मिक कार्यों में आनंद आएगा। आप किसी एनजीओ के साथ जुड़कर समाज सेवा करने का मन बनाएंगे।

मीन राशि: मीन राशि वालों आपके लिए आज का दिन खुशहाल रहेगा। आपके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेगा। छात्रों की रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। लंबी यात्राओं के योग हैं। जिससे आपके व्यापार में लाभ होगा।

# प्रदेशों की राजधानियों में भोपाल अपना अलग स्थान रखता है

**अजय दीक्षित**

***देश के उत्तर भारत के सभी राज्यों की राजधानियों का अगर अध्ययन किया जाए तो सबसे शांत मप्र की राजधानी भोपाल ही एक ऐसा शहर है जो प्राकृतिक रूप से काफी सम्पन्न है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ,देश की राजधानी दिल्ली, बिहार की राजधानी पटना , राजस्थान की राजधानी जयपुर, गुजरात की राजधानी गांधीनगर, महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई यहां तक कि हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला से भी अधिक प्राकृतिक सौन्दर्य बिखरा हुआ है भोपाल में।***






भोपाल आजादी से पहले एक मुस्लिम प्रिंसली स्टेट थी और नबाब शासक हुआ करता था जिसमें अब के रायसेन, होशंगाबाद,आदि जिले भी थे । कहने को तो रियासत थी भोपाल मगर बहुत छोटी थी । आजादी के बाद बेगम सुल्तान अब जहांनुमा पैलेस से हुक्म चलाती थीं।भोपाल बड़े और छोटे तलाव के साथ 100 किलोमीटर रेडियस में जंगलों से घिरा था । इतिहास कार और मप्र के मुख्य सचिव रहे एम एन बुच ने अपनी पुस्तक डिस्कवरी भोपाल में लिखा है कि भोपाल सतपुड़ा की पहाड़ियों से घिरा एक जंगल ही था जहां बहुत ज्यादा मात्रा में जंगली जानवर थे ।बांस, पाखर, बट,पीपल,का घना जंगल था ।

जब प्रथम प्रधानमंत्री स्व जवाहर लाल नेहरू ने 1956 में मध्य प्रदेश राज्य बनाया तब राजधानी बनाने का प्रश्न उत्पन्न हुआ।

चूंकि मध्यप्रदेश में विदर्भ, छत्तीसगढ़ ,मध्यभारत,भोपाल, महाकौशल, विंध्य प्रदेश का विलय हुआ था तो ग्वालियर सबसे बड़ी प्रिंसली स्टेट थी।महाराजा जीवाजी राव चाहते थे कि ग्वालियर राजधानी बने उधर इंदौर भी बड़ा शहर था। लेकिन जवाहरलाल नेहरू ने बात मानी पूर्व राष्ट्रपति और तत्कालीन मुख्यमंत्री भोपाल शंकर दयाल शर्मा की और भोपाल को राजधानी घोषित किया उसमें मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री रविशंकर शुक्ल की भी सहमति थी । जब विधानसभा भवन की समस्या आयी तो मिंटो हॉल का चयन किया गया था।

तत्कालीन समय में भोपाल रोशनपुरा तक ही था जिसमें पुलिस हेडक्वार्टर, मिंटो हॉल,भोपाल स्टेशन, बस स्टैंड, और पुराने भोपाल की बस्ती शामिल थी । आजादी के बाद भोपाल में एम जी एम मेडिकल कॉलेज, मौलाना आजाद इंजीनियरिंग कॉलेज, हमीदिया होस्टिटल, न्यू मार्केट,बनी, 1960 के दशक में भोपाल में राजधानी के हिसाब से बल्लभ भवन, मंत्रियों के आवास 74 बंगले,चार इमली में बंगले, माध्यमिक शिक्षा मंडल, और कई प्रतिष्ठानों का निर्माण कार्य किया गया।

अब भोपाल लगभग 20 किलो मीटर रेडियस में है। लेकिन अभी भी देश की पूर्वोत्तर राज्यों की राजधानियों को छोड़ दें तो भोपाल जैसा सकून, शांति, तापक्रम,बारिश,सफाई, पर्यावरण संरक्षण,कहीं नहीं है।अभी भी मात्र 18 लाख की जनसंख्या है। हालांकि भोपाल में भी बहुत निर्माण कार्य किया गया है।

राजधानी क्षेत्र के चलते प्रत्येक विभाग के मुख्यालय, प्रशासनिक अकादमी,ट्रेनिंग सेंटर,नई विधानसभा, नया मंत्रालय, बनाए गए है लेकिन निर्माण कार्य की इजाजत देने वाली संस्थाओं ने पर्यावरण से समझौता नहीं किया है ।नए भोपाल में सिविल सोसाइटी बनी है ।

भोपाल की खास बात यह भी है कि वहां कोई बहुत बड़ा बाजार नहीं है सभी कुछ बिखरा हुआ है।

भोपाल ही एक ऐसा राजधानी क्षेत्र जहां राष्ट्रीय बन अभ्यारण्य भी है। भोपाल की सबसे बड़ी खूब सुरती बड़ा तलाव है जो शायद भारत वर्ष सबसे बड़ा है। केरवा बांध, भदभदा ,कलिया सोत बांध भी जल संरक्षण के है । पूरे भारत में राज्यों की राजधानियों में अगर श्री नगर, देहरादून,गांधीनगर ही महानगरों के माप दंडों में भोपाल जैसे है जिनमें देहरादून तो हिमालय की गोद में बसा है जबकि गांधीनगर गुजरात की राजधानी के रूप में 1966 में अस्तित्व में आया है। श्रीनगर तो बताते हैं कि भारत का स्विट्जरलैंड है होकर हिमालय की में ही बसा है और वहां पर पर्यटन ही है एक भी औद्योगिक इकाई नहीं है।बस हिमालय में चीड़ और देवदार के वृक्ष ही है और घास के मैदान झेलम, चिनाव,जैसी नदियां है।

कुल मिलाकर देखा जाए तो इस युग में भोपाल उत्तम राजधानी है। राजनीतिक दलों के छोटे बड़े कार्यालय है । लेकिन भोपाल में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था है।अब तो मेट्रो भी निर्माणाधीन है और इस वर्ष के अंत में तो 2026 में आरंभ होगी ।

## विविध-समाचार

### गजवा-ए-हिंद' नहीं भगवा-ए-हिंद' चाहिएः धीरेंद्र शास्त्री

कोलकाता (आरएनएस)। महानगर कोलकाता में 5 लाख श्रद्धालुओं के द्वारा सामूहिक गीता पाठ के आयोजन से जहां एक रिकॉर्ड बना। वहीं इस गीता पाठ में देश दुनियां में चर्चित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि सनातन एकता इस देश और विश्व के लिए विश्व शांति का सबसे बड़ा साधन है। भारत में हम सनातनी चाहते हैं, तनातनी नहीं। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, आज पश्चिम बंगाल की पावन धरती कोलकाता में 5 लाख लोगों ने एक साथ गीता का पाठ किया। आस्था का उत्साह और सैलाब देखकर ऐसा लगा जैसे कोलकाता में महाकुंभ मेला लगा हो। हम पश्चिम बंगाल और कोलकाता की जनता, भारत की जनता के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि इस देश में 'गजवा-ए-हिंद' नहीं भगवा-ए-हिंद' चाहिए। जहां तक गीता की बात तो इस ग्रंथ ने पूरी दुनियां में सामाजिक समरसता और एकता का संदेश प्रेषित किया है। गीता की कोई तुलना ही नहीं यह जीवन काआधार भी है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, 'जब राज्य एक होता है, तो देश बनता है। इसलिए बंगाल के हिंदुओं को मेरा संदेश है कि जब आप एक होंगे, तभी भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा।' सनातन एकता ही इस देश एवं दुनिया के लिए शांति का सबसे बड़ा संदेश है। इस आयोजन के लिए वे पश्चिम बंगाल और कोलकाता के लोगों का और देश के लोगों का दिल से शुक्रिया अदा करते हैं। इस दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने हिंदू राष्ट्र की वकालत की और उन्होंने बंगाल को एकजुट होने मैसेज दिया।

### आने वाले समय में भाजपा यंत्र से खोजकर भी नहीं मिलेगीः मुशर्रफ हुसैन

कोलकाता (आरएनएस)। विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान अभी हुआ नहीं है कि बंगाल में सर्दी के मौसम में राजनीति का पारा तप रहा है। संहति दिवस के कार्यक्रम में तृणमूल अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष व विधायक मुशर्रफ हुसैन ने जमकर भाजपा व देश में मोदी सरकार पर हमला किया। मुशर्रफ हुसैन ने कहा कि आने वाले दिनों में भाजपा किसी यंत्र से भी खोजकर नहीं मिलेगी। कारण बातुनी संस्कृति से राजनीति नहीं चलती है बरन कथनी और करनी में फर्क नहीं होना चाहिए। सच तो यह है कि तृणमूल भाजपा को अपनी प्रतिद्वंदी ही नहीं मानती है। बीजेपी अपने गरम बातों व बयानों से विभेद की राजनीति करती है। लेकिन बंगाल ममता बनर्जी की सरकार सर्व धर्म सद्भभावना में विश्वास करती है। देश में धर्म को लेकर जिस तरह से राजनीति किया जा रहा है वह बंगाल में नहीं चलने वाला है और यहां के अमन पसंद लोग इसे बर्दाश्त नहीं करेंगें। भाजपा जहां विभाजन व कट्टरता की पोषक है वहीं सीएम ममता बनर्जी विकास की प्रतीक हैं।

### क्रिस्तु महोत्सव 2025 में चावरा कल्चरल सेंटर ने पेश की समावेशन और सौहार्द की नई मिसाल

नई दिल्ली, (आरएनएस)। चावरा कल्चरल सेंटर का वार्षिक क्रिस्तु महोत्सव शनिवार को दिल्ली में अपने पाँचवें संस्करण में आयोजित हुआ, जिसमें राजनयिकों, धार्मिक नेताओं और सैकड़ों विशेष रूप से सक्षम बच्चों की उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम, जो एक छोटे सांस्कृतिक प्रयास के रूप में शुरू हुआ था, अब सामुदायिक भागीदारी और अंतरधार्मिक संवाद का एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी. वी. आनंदा बोस, आर्चबिशप एनील जोसेफ थोमस कोटो, बिशप स्टीफन फर्नांडीज़, और पुर्तगाल, माल्टा, तिमोर-लेस्ते, पेरू और ग्वाटेमाला के राजदूत उपस्थित रहे। इन अतिथियों की मौजूदगी ने यह साबित किया कि यह महोत्सव केवल सांस्कृतिक ही नहीं बल्कि कूटनीति और जमीनी सामाजिक भागीदारी को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मंच बन रहा है। अपने स्वागत भाषण में चावरा कल्चरल सेंटर के निदेशक रेव. डॉ. फ्र. रोबी कन्ननचिरा सीएमआई ने कहा कि क्रिस्तु महोत्सव का उद्देश्य ऐसा वातावरण बनाना है जहाँ प्रत्येक बच्चा अपनी परिस्थितियों के विपरीत खुद को सम्मानित और महत्वपूर्ण महसूस करे।

## माता वैष्णो देवी भक्तों के लिए खुशखबरी, अब रात 12 बजे तक कटरा स्टेशन पर मिलेगा आरएफआईडी कार्ड



कटरा ,(आरएनएस)। मां वैष्णो देवी के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाएँ बढ़ाने के लिए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने यात्रा पंजीकरण की समय-सारणी में बदलाव किया है। अभी तक सभी यात्रा पंजीकरण केंद्रों पर श्रद्धालुओं को सुबह 4 बजे से रात 10 बजे तक ही आरएफआईडी यात्रा कार्ड मिलता था, जिसके बाद ही वे यात्रा शुरू कर सकते थे। बिना आरएफआईडी कार्ड के माता वैष्णो देवी यात्रा की अनुमति नहीं है, जिसके कारण देर रात आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।इन समस्याओं को देखते हुए श्राइन बोर्ड ने समय-सारणी में परिवर्तन किया है। नए आदेश के अनुसार कटरा रेलवे स्टेशन परिसर स्थित यात्रा पंजीकरण केंद्र पर अब सुबह 5 बजे से रात 12 बजे तक आरएफआईडी यात्रा कार्ड उपलब्ध रहेगा। दर्शनी डियोड़ी प्रवेश द्वार पर देर रात ऑनलाइन यात्रा पर्ची लेकर आने वाले श्रद्धालु और देर रात आने वाली ट्रेनों से पहुंचने वाले यात्री अपने ट्रेन टिकट और ट्रेन का नाम बताकर तुरंत आरएफआईडी कार्ड प्राप्त कर सकेंगे। नए ताराकोट मार्ग पर स्थित पंजीकरण केंद्र पर श्रद्धालुओं को 24 घंटे आरएफआईडी यात्रा कार्ड उपलब्ध होगा, चाहे उनके पास ऑनलाइन यात्रा पर्ची हो या वे तत्काल सेवा लेना चाहें। कटरा मुख्य बस अड्डा और अंतरराज्यीय बस अड्डे पर स्थित दोनों पंजीकरण केंद्रों के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यहाँ पहले की तरह सुबह 4 बजे से रात 10 बजे तक आरएफआईडी कार्ड जारी किए जाएंगे।कटरा हेलीपैड पंजीकरण केंद्र पर यात्रियों को हेलीकॉप्टर सेवा के समय के दौरान ही, अर्थात सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक, आरएफआईडी कार्ड मिलेंगे। जम्मू रेलवे स्टेशन के पास स्थित वैश्णवी भवन और जम्मू एयरपोर्ट के यात्रा पंजीकरण केंद्रों की समय-सारणी में भी कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। दोनों स्थानों पर सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक कार्ड जारी किए जाएंगे।

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड का यह नया आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

## कोयला खदान से हो रहा जहरीली गैस का रिसाव, 25 हजार की आबादी खतरे में; प्रशासन में मचा हड़कंप

धनबाद, (आरएनएस)। झारखंड के धनबाद जिले के केंदुआडीह क्षेत्र में बंद कोयला खदान से पिछले पांच दिनों से जारी जहरीली गैस का रिसाव थम नहीं रहा है। स्थिति यह है कि प्रभावित इलाके की लगभग 25 हजार आबादी लगातार दहशत में जी रही है। प्रशासन और बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लिमिटेड) प्रबंधन के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस घनी आबादी वाले क्षेत्र को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने और पूरे इलाके को खाली कराने की है।राजपूत बस्ती, मस्जिद मोहल्ला, नया धौड़ा, ऑफिसर कॉलोनी और पांच नंबर बस्ती में गैस का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। मुख्य सड़क तक तीव्र गंध पहुंच रही है और स्थानीय लोग मास्क पहनकर बाहर निकल रहे हैं। आस-पास की दुकानें बंद हैं। प्रभावित क्षेत्र में कई जगह जमीन अब भी गर्म है और भू-धंसान का खतरा कायम है। कोयला मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव सनोज कुमार झा ने प्रशासनिक टीम के साथ निरीक्षण के बाद कहा कि राजपूत बस्ती का क्षेत्र बेहद खतरनाक घोषित किया गया है। उन्होंने माना कि गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिकता लोगों को सुरक्षित स्थलों पर भेजने की है। उन्होंने कहा, पहले लोग अपनी जान बचाएं। रोजगार और मुआवजे की दिशा में पहल जारी है। बीसीसीएल प्रबंधन का कहना है कि बंद पड़ी कोलियरी में गैस वर्षों से दबकर जमा थी, जो अब सतह तक पहुंच गई है।महाप्रबंधक जीसी साहा ने कहा कि स्थायी समाधान तभी संभव है जब पूरा इलाका खाली हो। शनिवार को प्रशासन ने लगभग 100 लोगों को बसों के माध्यम से बेलगड़िया और करमाटांड़ स्थित पुनर्वास स्थलों तक पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन प्रभावित लोगों के विरोध के कारण बसों को देर तक रोका गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिना ठोस मुआवजे और रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित किए वे अपना घर नहीं छोड़ेंगे। बाद में पुटकी के अंचलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद लोगों को शांत कराया गया और बसें रवाना हो सकीं।



## अखिलेश यादव का भाजपा सरकार पर बड़ा हमलाः महंगाई बेरोजगारी चरम पर, अर्थव्यवस्था संकट में, जनता परेशान



लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार अपने चरम पर पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में नौकरी और रोजगार का गंभीर संकट है, थानों में खुलेआम लूट की घटनाएँ हो रही हैं और रुपये की कीमत लगातार गिर रही है। डॉलर के मुकाबले रुपये के 90 के स्तर तक पहुंचने को लेकर उन्होंने चिंता जताई और कहा कि यह देश की कमजोर होती अर्थव्यवस्था का बड़ा संकेत है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर असफल है और जनता से सच्चाई को छिपाने का प्रयास कर रही है। सहारनपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा जनहित के किसी भी मुद्दे पर कार्य नहीं कर रही है। किसान, नौजवान और मजदूर सभी वर्ग सरकार की नीतियों से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ भावनाओं की राजनीति कर रही है और संविधान के रास्ते से भटककर शासन चला रही है। अखिलेश ने कहा कि सरकार को संविधान के दायरे में रहकर ही कार्य करना चाहिए और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए।इंडिगो की उड़ानों के रद्द होने से यात्रियों को हो रही भारी परेशानी पर भी अखिलेश ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जब उद्योगपतियों को अत्यधिक ताकतवर बना दिया जाएगा तो वे सरकारों पर दबाव बनाने लगते हैं। उनका आरोप था कि इंडिगो प्रबंधन पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है क्योंकि भाजपा ने उनसे इलेक्टोरल बॉन्ड के रूप में धन लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार पर पूंजीपति वर्ग का प्रभाव बढ़ता जा रहा है और इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आर्म्ड फोर्सेज़ फ्लैग डे के मौके पर एक बैज मिलता हुआ दिख रहा है।

## अरुणाचल प्रदेश में एनएससीएन ( के ) का उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

ईटानगर (आरएनएस)। असम राइफल्स ने अरुणाचल प्रदेश पुलिस के साथ मिलकर एक ऑपरेशन चलाया और नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (एनएससीएन-के, निकी सुमी गुट) के एक एक्टिव कैडर को अरुणाचल प्रदेश के तिरप जिले के हुकनजुरी इलाके से पकड़ लिया है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि असम राइफल्स के जवानों और पुलिस कर्मियों का जॉइंट ऑपरेशन तब शुरू किया गया, जब भरोसेमंद स्रोत से खुफिया जानकारी मिली कि हुकनजुरी इलाके में एक हथियारबंद विद्रोही मौजूद है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, असम राइफल्स के जवानों और अरुणाचल प्रदेश पुलिस के जवानों की एक जॉइंट टीम संदिग्ध जगह पर पहुंची और सटीक एवं सावधानीपूर्वक उन्हें घेर लिया। इससे विद्रोहियों को भागने का मौका नहीं मिला और आम लोगों के लिए कोई खतरनाक स्थिति पैदा नहीं हुई।अधिकारी ने कहा कि कार्रवाई के दौरान जॉइंट टीम ने खुद को कैप्टन बताने वाले जेनलोंग सुपोंग को सफलतापूर्वक पकड़ लिया, जो (एनएससीएन-के, निकी सुमी गुट) का एक एक्टिव और हथियारबंद सदस्य है।

## चुनाव हारते ही तेज प्रताप की मुश्किलें बढ़ीं : निजी आवास पर 3.6 लाख का बिजली बिल बाकी, विभाग की मेहरबानी पर उठे सवाल



पटना (आरएनएस)। राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में मिली करारी हार के बाद अब उनके सामने एक नई मुसीबत खड़ी हो गई है। पटना के बेउर स्थित उनके निजी आवास के बिजली बिल को लेकर एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक, तेज प्रताप यादव ने पिछले तीन साल से अपने इस घर का बिजली बिल नहीं भरा है, जिसके चलते अब उन पर बिजली कंपनी का 3.6 लाख रुपये से अधिक का बकाया हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, तेज प्रताप यादव भले ही विधायक होने के नाते लंबे समय से सरकारी बंगले में रह रहे हों, लेकिन बेउर में उनका एक निजी मकान भी है। बिजली विभाग के रिकॉर्ड बताते हैं कि इस मकान पर लगे कनेक्शन (कंज्यूमर खाता संख्या 101232456) का बिल जुलाई 2022 के बाद से जमा ही नहीं किया गया है। रिकॉर्ड के मुताबिक, आखिरी बार 20 जुलाई 2022 को उन्होंने करीब 1 लाख 4 हजार रुपये का भुगतान किया था। इसके बाद लगातार बिजली का उपयोग तो होता रहा, लेकिन बिल का भुगतान नहीं किया गया। अब बकाये की कुल राशि 3,24,974 रुपये हो गई है, जिसमें 23 हजार रुपये से ज्यादा का जुर्माना भी शामिल है।इस मामले में सबसे बड़ा सवाल बिजली विभाग की कार्यशैली और 'वीआईपी कल्चर' पर उठ रहा है। बिजली कंपनी के नियमों के मुताबिक, पोस्टपेड कनेक्शन पर 25 हजार रुपये से ज्यादा का बकाया होने पर आम उपभोक्ता का कनेक्शन तुरंत काट दिया जाता है। लेकिन तेज प्रताप के मामले में विभाग ने गजब की दरियादिली दिखाई है। लाखों का बकाया होने के बावजूद तीन साल तक न तो उनकी बिजली काटी गई और न ही कोई सख्त कार्रवाई हुई।हैरानी की बात यह भी है कि जहां पूरे बिहार में बकाये से बचने के लिए स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का अभियान जोर-शोर से चल रहा है, वहीं तेज प्रताप के इस घर में अब भी पुराना पोस्टपेड मीटर ही लगा हुआ है। विभाग की इस लापरवाही या विशेष मेहरबानी को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं कि क्या नियम-कानून सिर्फ आम जनता के लिए ही बने हैं। फिलहाल, इस भारी-भरकम बकाये को लेकर जवाबदेही तय होनी बाकी है।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्रियों ने किया जवानों को सलाम



नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में रविवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के वीर जवानों के सम्मान में मनाया जाता है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्रियों ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दीं और भारतीय सशस्त्र बलों के वीर कर्मियों को उनके बेजोड़ साहस, वीरता और धैर्य के लिए सलाम किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर, मैं हमारे सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान को सलाम करता हूं। उनका साहस हमारे राष्ट्र की रक्षा करता है और उनकी निस्वार्थ सेवा हमें उस ऋण की याद दिलाती है जिसे हम कभी नहीं चुका सकते। मैं सभी से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान देने का आग्रह करता हूं। आपका समर्थन उनके समर्पण का सम्मान करता है और उन लोगों को मजबूत बनाता है जो हमारी रक्षा करते हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जय हिंद की सेना, सशस्त्र बल ध्वज दिवस पर, हम अपने बहादुर सैनिकों, उनके बलिदान और हमारे राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अटूट प्रतिबद्धता का सम्मान करते हैं। हम देश के प्रति उनकी सेवा के सदैव ऋणी रहेंगे।केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सशस्त्र बल ध्वज दिवस पर, हम अपने सैनिकों के बेजोड़ साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं। उनका समर्पण हमारे राष्ट्र को सुरक्षित रखता है, प्रत्येक नागरिक को एकता और सेवा बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है।

## शादी का वादा कर दुष्कर्मः हाईकोर्ट में सरकार पीड़िता को साबित नहीं कर पाई नाबालिग, बरकरार रखा आरोपी को दोषमुक्त करने का फैसला

बिलासपुर, (आरएनएस)। हाईकोर्ट ने शादी का वादा कर नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को दोषमुक्त किए जाने के खिलाफ पेश राज्य शासन की अपील खारिज कर दी है. पीड़िता ने इस बात का स्वीकार किया था कि वह आरोपी के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी. मामले की सुनवाई जस्टिस संजय एस. अग्रवाल एवं जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल की डीविजन बेंच में हुई.जानकारी के मुताबिक, रायगढ़ जिले की रहने वाली पीड़िता ने 10 फरवरी 2016 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 1 फरवरी 2016 से आरोपी उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में था, और इस दौरान उसने शादी का झूठा बहाना बनाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया. जब पीड़िता ने उससे शादी करने के लिए कहा, तो उसने मना कर दिया।



नई दिल्ली में खराब एयर क्वालिटी के बीच मास्क पहने एक यात्री।

## सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में पहली बार रिंग रोड की धुलाई-सफाई



नई दिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने आज सिविल लाइंस स्थित खैबरपास चौक पर सरकार द्वारा रिंग रोड पर चल रहे व्यापक सफाई और धुलाई अभियान का नेतृत्व किया और स्वयं सड़क की सफाई और पानी के छिड़काव के कार्य में भागीदारी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने और धूल नियंत्रण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि शहर में नियमित सड़क धुलाई, मैकेनिकल स्वीपिंग और जमीनी निगरानी को अत्यंत तेज गति और गंभीरता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री के अनुसार उनकी सरकार प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हर दिन एक नया कदम आगे बढ़ा रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के इतिहास में पहली बार पूरे रिंग पर धुलाई अभियान चलाया गया है। इस धुलाई अभियान में मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री श्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह, विधायक सूर्य प्रकाश खत्री के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी व स्टाफ भी शामिल थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रदूषण नियंत्रण को लेकर बेहद गंभीर है। इसके अंतर्गत पूरी दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ व्यापक अभियान चल रहा है। इसी कड़ी में पूरे रिंग रोड की धुलाई भी शामिल हे। उन्होंने कहा कि धूल भी प्रदूषण का एक बड़ा कारक है। इससे स्थायी रूप से निपटने के लिए सड़कों का वॉल टू वॉल निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सरकारों ने पहले तो सड़कों के निर्माण में रुचि नहीं दिखाई और अगर सड़कें बनाई भी गई तों उन्हें वॉल टू वॉल नहीं बनाया गया, जिस कारण दिल्ली में पूरे वर्ष धूल उड़ती रहती है। लेकिन अब हमारी सरकार ने इसका स्थायी निदान कर लिया है।

## काशिका कपूर ने हाथ से कढ़े गाउन में बिखेरी ओल्ड-हॉलीवुड ग्लैमर की चमक



कभी-कभी फैशन कपड़े और कढ़ाई से आगे बढ़कर एक कहानी बन जाता है — और काशिका कपूर का यह लुक बिल्कुल वैसा ही एक पल है। काले रंग के दिलकश गाउन में, जिस पर बारीकी से की गई चांदी की कढ़ाई सितारों की तरह चमक रही थी, काशिका ने ओल्ड-हॉलीवुड की एलिगेंस और आधुनिक जादू का ऐसा मिश्रण रचा कि नज़रें ठहर जाएँ। उनका गाउन, पूरी तरह तराशा हुआ, उनके व्यक्तित्व के साथ ऐसे बहता है जैसे उनके इर्द-गिर्द रोशनी की नदी बह रही हो। हर पैटर्न, हर चमक उनके हर कदम के साथ जीवंत हो उठती है। हर तस्वीर मानो किसी सदाबहार फिल्म का स्थिर फ्रेम लगती है — संजीदा, खूबसूरत और बेमिसाल शालीनता से भरा हुआ। लेकिन इस लुक की असली खूबसूरती काशिका की मौजूदगी है। वह सिर्फ गाउन नहीं पहनतीं — वह उसे जीवन दे देती हैं। जब उनके हाथ नरम, बैले-सी मुद्रा में ऊपर उठते हैं और ठोड़ी हल्के-से प्रकाश की ओर झुकती है, तो पूरा माहौल एक मंच की तरह महसूस होने लगता है। उनके मुलायम कर्ल्स, नाज़ुक और सुरुचिपूर्ण ज्वेलरी, और मेकअप की हल्की, चमकती आभा — सब मिलकर एक ऐसा रूप रचते हैं जो एक साथ क्लासिक भी है और खगोलीय भी।

और फिर आता है सबसे दिल पिघला देने वाला पल — वह तस्वीर जहाँ क्रीम-रंग के नन्हे पप्पीज़ का घेरा उन्हें ऐसे घेरे हुए है मानो वह उनकी चाँद हों। वैभव और मासूमियत का ऐसा संगम दुर्लभ है, लेकिन काशिका इसे सहजता और सादगी से निभा लेती हैं। हाई-ग्लैम गाउन और पप्पीज़ की कोमल चंचलता के बीच जो विपरीतता है, वही इस तस्वीर को आइकॉनिक बनाती है — ऐसा दृश्य जो आपकी स्क्रोलिंग रुकने के बाद भी मन में बसा रहता है।

काशिका हमेशा से ही अपने फैशन पलों में भावना घोल देने के लिए जानी जाती हैं, लेकिन यह शूट उनकी विकसित होती पहचान का जश्न सा लगता है — एक ऐसी स्टार जो जानती है कि एलीगेंस और गर्मजोशी, ग्लैमर और आत्मा के बीच परफेक्ट संतुलन कैसे रचा जाता है। यह लुक सिर्फ एक कूट्योर स्टेटमेंट नहीं; यह उस जादू की याद दिलाता है जो उनके हर कदम में होता है — असलियत को छोड़े बिना चमक बिखेरने का हुनर।

हर प्रोजेक्ट, हर अपीयरेंस और हर फ्रेम के साथ, काशिका कपूर अपनी कहानी लिखती जा रही हैं — एक चमकते गाउन और एक अविस्मरणीय पल के साथ।

## राहु केतु का नया पोस्टर जारी, पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा का दिखा मजेदार अंदाज

फिल्म फुकरे वाली जोड़ी एक बार फिर दर्शकों के बीच लौटने के लिए बिल्कुल तैयार है। अभिनेता पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा अपनी आगामी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म राहु केतु लेकर आ रहे हैं। फिल्म का टीजर कुछ दिन पहले जारी किया गया था, जिसे देखने के बाद से लोग फिल्म के लिए उतावले हो गए हैं। अब निर्माताओं ने फिल्म राहु केतु से दिलचस्प और मजेदार पोस्टर साझा किया है जो लोगों की उत्सुकता को और बढ़ा देगा।

फिल्म राहु केतु का पोस्टर साझा करते हुए हुए निर्माताओं ने लिखा, पापियों बचके रहना, क्योंकि सबकी दशा और दिशा बदलने आ रहे हैं राहु केतु! इस पोस्टर में पुलकित और वरुण को राहु और केतु के अवतार में दिखाया गया है, जो देखने में बेहद दिलचस्प है। फिल्म में शालिनी पांडे, अमित सियाल और चंकी पांडे भी अहम किरदार में हैं। विपुल विग द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म को 16 जनवरी, 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।फिल्म राहु केतु का पोस्टर साझा करते हुए हुए निर्माताओं ने लिखा, पापियों बचके रहना, क्योंकि सबकी दशा और दिशा बदलने आ रहे हैं राहु केतु!

# बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद मालती चाहर ने बताया किसे सबसे ज्यादा मिस करेंगी

बिग बॉस 19 का ग्रैंड फिनाले नजदीक आ गया है। पूरे सीजन लड़ाई, दोस्ती और फिनाले पहुंचने तक बिग बॉस के घर में काफी कुछ देखने को मिला। बिग बॉस 19 के लेटेस्ट एपिसोड में मालती चाहर टॉप 5 कंटेस्टेंट की लिस्ट से बाहर हो गई। मालती ने बताया, बिग बॉस देश के सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म में एक है। मुझे पहले भी कई बार ऑफर आए थे, लेकिन लगातार झगड़ों से डर लगता था। इस बार मैंने सोचा कि सिर्फ झगड़े ही नहीं, अपनी क्रिएटिविटी भी दिखा सकती हूं। मैं राइटर-डायरेक्टर हूं, इसलिए घर में कविताएं लिखीं और सुनाईं। मकसद सिर्फ यही था कि लोग मुझे जानें और प्यार दें, जो मुझे भरपूर मिला। बिग बॉस के घर से आने के बाद उन्होंने से बातचीत की और शो के अंदर की कई अनकही बातें शेयर कीं। उन्होंने बताया कि इस शो के जरिए मेरा मकसद था कि लोगों के दिलों में पहचान बनाऊं और उनका प्यार हासिल करूं।शुरुआत में आक्रामक दिखने के सवाल पर मालती ने कहा, शो में जाने से पहले मैं शो को बाहर से देखकर आई थी, जिस वजह से मैं कई चीजें पहले से ही जानती थी और लोगों से मेरी बहस भी हुई थी। फिर धीरे-धीरे रिश्ते बनने लगे, लोगों से जुड़ाव महसूस होने लगा।

उन्होंने आगे कहा, जब लोगों से जुड़ाव महसूस होता है, तो कभी-कभी किसी की बात बुरी लगती है, और आप इंसान हैं, तो बदलते हैं।प्रणीत के साथ बॉन्डिंग पर मालती



ने कहा, वह सिर्फ मेरा अच्छा दोस्त था। शो में जब मैं ठीक नहीं होती थी, तो वह मेरी मदद करता था, और मैं उसके लिए खाना बनाती थी। हम दोनों मजाक करते थे और अपनी बातें शेयर करते थे। हमारे बीच अच्छी दोस्ती थी; उससे आगे कुछ भी नहीं है।शो के दौरान कुनिका सदानंद ने मालती की सेक्सुएलिटी पर सवाल उठाए थे, और उन्हें लेस्बियन कह दिया। हालांकि, बाद में मालती के भाई दीपक ने भी इस पर बात की थी। इस मुद्दे पर टिप्पणी करते हुए मालती ने कहा, मुझे लोगों की बातों का कुछ खास फर्क पड़ा नहीं था, लेकिन बार-बार माफी मांगने वाली बात झूठी लग रही थी। हां, मेरे परिवार को बहुत दुख हुआ। वे रातभर सो नहीं पाए थे। अगर मैं लेस्बियन होती तो खुलकर कहती, लेकिन मैं स्ट्रेट हूं।उन्होंने आगे तान्या और अपनी दोस्ती को लेकर कहा, मैंने उन्हें कभी दोस्त नहीं माना है। बस हमने साथ में एक-दूसरे के साथ अच्छा समय बिताया था।फाइनल में किसे देखना चाहेंगी? मालती ने कहा, कोई फेवरेट नहीं, पांचों बराबर हैं। जनता जिसे चुनेगी, वही जीतेगा।शो से बाहर आने के बाद क्या मिस करेंगी? मालती ने हंसते हुए कहा, फोन न होने की शांति मिस करूंगी, बाकी कुछ नहीं। दर्शकों का प्यार मेरे साथ है। मालती ने आखिरी में फैंस को धन्यवाद कहते हुए कहा, मेरे फैंस को दिल से धन्यवाद, क्योंकि जब कोई नहीं था, तो वे मेरे साथ थे, और मेरे परिवार के लिए भी आपका प्यार बहुत सहारा बना। आपने मुझे जैसी हूं, वैसे स्वीकार किया। यही मेरा सबसे बड़ा इनाम है।

## किस किस को प्यार करुं 2 का गाना राँझे नू हीर हुआ रिलीज, कपिल और हीरा के रोमांस ने लगाई आग

कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा स्टारर फिल्म किस किस को प्यार करूँ 2 जल्द ही बड़े परदे पर दस्तक देने वाली है। फिल्म का नया गाना राँझे नू हीर रिलीज हो गया है जिसे आवाज जुबिन नौटियाल ने दी है। इस गाने में हमेशा हंसाने वाले कपिल को आप रोमांटिक अंदाज में देखेंगे। फिल्म में कपिल के अलावा आयशा खान, पारुल गुलाटी, हीरा वारिना और त्रिधा चौधरी नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में भी कपिल की तीन शादियाँ होंगी लेकर अलग-अलग धर्मों में। फिल्म किस किस को प्यार करूं 12 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ हो रही है।




रांझे नु हीर को साल के सबसे रोमांटिक गानों में से एक माना जा रहा है। दिल से निकला संगीत, शायरी से भरे बोल और सच्चे प्यार को सेलिब्रेट करता इसका विज़ुअल इसे खास बना देता है। कपिल शर्मा और हीरा वरीना की जोड़ी इस गाने में कमाल की लग रही है। कपिल का यह अब तक का सबसे नया और अनदेखा रोमांटिक अवतार है, जिसमें उनकी पगड़ी वाला लुक उनके स्क्रीन प्रेज़ेंस में एक नई ताज़गी और आकर्षण जोड़ देता है। हीरा के साथ उनकी केमिस्ट्री बेहद सहज, गहरी और खूबसूरती से मेल खाती नज़र आती है, जो इस गाने को सुरों के साथ-साथ नज़ारों का भी शानदार तोहफा बना देती है। यह गाना डिजीवी ने कम्पोज़ किया है, जिसकी सुरीली और भावनाओं से भरी धुन एक अमर प्रेम कहानी का एहसास कराती है। लवराज के लिखे बोल हर शब्द में गहराई भर देते हैं और जुबिन नौटियाल की दिल को छू लेने वाली आवाज़ इसमें दर्द, अपनापन और जुनून घोल देती है। इन तीनों की जुगलबंदी ने मिलकर एक यादगार रोमांटिक एहसास रच दिया है। किस किसको प्यार करूं 2 में हंसी का डोज़ पहले से भी ज़्यादा होने वाला है। पहली फिल्म में कपिल की उलझी हुई शादीशुदा ज़िंदगी ने दर्शकों को गुदगुदाया था, वहीं इसका सीक्वल उस पागलपन को और आगे ले जाता है। अब उनका किरदार एक मल्टीकल्चर शादी के जाल में फंसता है, जहां हालात सिर्फ मज़ेदार ही नहीं बल्कि भावनाओं से भी भरे होते हैं।

## रणवीर सिंह की धुरंधर का बॉक्स ऑफिस पर धमाल, आते ही सैयारा को दी धोबी पछाड़

पिछले काफी समय से दर्शकों को रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर का इंतजार था। 5 दिसंबर को ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई और इसने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया। इसने न सिर्फ रणवीर के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग दर्ज की, बल्कि 2025 की पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की सूची में भी अपनी जगह बना ली। आइए जानें पहले दिन धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर क्या कमाल किया।



फिल्म की एडवांस बुकिंग पहले से ही शानदार रही थी, इसलिए धुरंधर की अच्छी ओपनिंग की पूरी उम्मीद जताई जा रही थी, लेकिन ये फिल्म अनुमान से कहीं ज्यादा आगे निकल गई। एडवांस बुकिंग में ही लगभग 9 करोड़ रुपये जुटा चुकी धुरंधर से उम्मीद थी कि ये पहले दिन 15 से 20 करोड़ रुपये का कारोबार कर लेगी, मगर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसी छलांग लगाई कि ट्रेड पंडितों की भविष्यवाणियों को भी गलत साबित कर दिया।

सैकनिल्क के मुताबिक, धुरंधर ने पहले दिन भारत में 27 करोड़ रुपये की कमाई की। इसके साथ ही ये रणवीर के करियर की सबसे बड़ी ओपनर बन गई है। इसने उनकी फिल्म सिंबा को पछाड़कर ये मुकाम हासिल किया है। धुरंधर के निर्देशक आदित्य धर हैं। इसमें संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना और आर माधवन ने भी अहम भूमिका निभाई है। फिल्म के देशभर में 13,000 शोज थे। इसका बजट 280 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

धुरंधर ने अनीत पड्डा और अहान पांडे की फिल्म सैयारा के 21.9 करोड़ रुपये के कारोबार को भी पीछे छोड़ दिया है और ये 2025 की पहले दिन तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। हालांकि, ये फिल्म पहले दिन विक्की कौशल की छावा को मात नहीं दे पाई, जो 31 करोड़ की ओपनिंग के साथ 2025 की सबसे बड़ी ओपनर रही है। उधर 29 करोड़ की कमाई के साथ वॉर 2 दूसरे स्थान पर काबिज है।

उधर धनुष और कृति सैनन की तेरे इश्क में ने 8 दिनों में अपने बजट से ज्यादा कमाई कर ली है। फिल्म की लागत 85 करोड़ रुपये है, वहीं ये 87 करोड़ से ज्यादा कमा चुकी है। ये 100 करोड़ी बनने की ओर बढ़ रही है। अगर फिल्म की कमाई में तेजी आती है तो मुमकिन है कि ये 100 करोड़ के कल्ब में शामिल हो जाए। हालांकि, धुरंधर की वजह से अब इसके लिए ये इतना आसान नहीं है।

# शॉर्ट कार्डिगन को स्टाइल करना है आसान, बस अपनाएं ये 5 तरीके



शॉर्ट कार्डिगन एक फैशनेबल और आरामदायक कपड़ा है, जिसे आप अलग-अलग मौकों पर पहन सकती हैं। यह न केवल ठंड से बचाता है, बल्कि आपके लुक को भी खास बनाता है। इस लेख में हम आपको कुछ सरल और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप शॉर्ट कार्डिगन को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में आसानी से शामिल कर सकती हैं और हर मौके पर स्टाइलिश दिख सकती हैं।

### जींस के साथ पहनें

शॉर्ट कार्डिगन को जींस के साथ पहनना एक बढ़िया तरीका हो सकता है। यह मेल न केवल आरामदायक होता है, बल्कि आपको एक स्मार्ट लुक भी देता है। आप डेनिम जींस या काली जींस दोनों के साथ इसे पहन सकती हैं। इसके अलावा आप इसे टॉप के ऊपर पहनकर भी स्टाइलिश दिख सकती हैं। इस तरह का लुक आपको हर मौके पर खास बनाएगा और आपको आत्मविश्वास से भर देगा।

### स्कर्ट के साथ आजमाएं

अगर आप किसी खास मौके पर जाना चाहती हैं तो शॉर्ट कार्डिगन को स्कर्ट के साथ आजमाएं। यह मेल आपको एक आकर्षक और निखरा हुआ लुक देता है। आप सादी स्कर्ट या प्रिंट वाली स्कर्ट दोनों के साथ इसे पहन सकती हैं। इसके अलावा आप इसे बेल्ट के साथ भी पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। इस तरह का लुक आपको हर मौके पर स्टाइलिश दिखाएगा और आत्मविश्वास से भर देगा।

### लेयरिंग का उपयोग करें

लेयरिंग एक अच्छा तरीका है अपने लुक को खास बनाने का। आप शॉर्ट कार्डिगन को टी-शर्ट या टैंक टॉप के ऊपर पहन सकती हैं। इससे न केवल आपका लुक अलग दिखेगा बल्कि आपको आरामदायक महसूस होगा। इसके अलावा आप इसे अलग-अलग रंगों के साथ मिलाकर अपने लुक में विविधता ला सकती हैं। इस तरह की लेयरिंग आपके स्टाइल को और भी खास बना सकती है और आपको हर मौके पर आत्मविश्वास से भर देती है।

### औपचारिक मौकों पर भी करें उपयोग

औपचारिक मौकों पर भी आप शॉर्ट कार्डिगन का उपयोग कर सकती हैं। इसे फॉर्मल शर्ट और पैंट्स के साथ पहनकर आप एक पेशेवर दिख सकती हैं। यह मेल आपको स्मार्ट और पेशेवर लुक देता है, जिससे आप हर मौके पर खास दिखेंगी। इसके अलावा आप इसे हल्के रंगों के साथ पहनकर भी स्टाइलिश दिख सकती हैं। इस तरह का लुक आपको आत्मविश्वास से भर देता है और हर अवसर पर आपको अलग बनाता है।

### एक्सेसरीज के साथ करें मेल

एक्सेसरीज आपके पूरे लुक को खास बनाते हैं। आप शॉर्ट कार्डिगन के साथ हल्की नेकलेस, कान की बालियां या घड़ी पहन सकती हैं, जिससे आपका स्टाइल और भी निखर कर आएगा। इसके अलावा आप इसे बेल्ट के साथ भी पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। इस तरह के एक्सेरीज आपके स्टाइल को और भी खास बना सकते हैं और आपको हर मौके पर आत्मविश्वास से भर देते हैं।

# लेदर स्कर्ट के साथ इन 5 स्टाइल को आजमाएं, लगेंगी सबसे ज्यादा आकर्षक

लेदर स्कर्ट एक ऐसा फैशन आइटम है, जो हर मौसम में चलन में रहता है। इसे आप अलग-अलग तरीकों से पहन सकती हैं। चाहे आप इसे पार्टी में पहनें या ऑफिस में, लेदर स्कर्ट हर जगह जचती है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आसान और असरदार स्टाइलिंग टिप्स देंगे, जिनसे आप अपनी लेदर स्कर्ट को और भी खास बना सकती हैं और उसे अपने अलग-अलग लुक्स में शामिल कर सकती हैं।

### बुने हुए स्वेटर्स

लेदर स्कर्ट के साथ एक नरम और आरामदायक बुना हुआ स्वेटर पहनें। यह मेल न केवल आपको गर्म रखेगा, बल्कि आपको एक खास लुक भी देगा। अगर आपकी लेदर स्कर्ट काली है तो ग्रे या बेज रंग का स्वेटर चुनें। इससे आपका लुक साधारण होते हुए भी खास लगेगा। इसके अलावा आप स्वेटर को टक करके पहन सकती हैं ताकि आपकी कमर का हिस्सा भी दिखे और लुक पूरा लगे।

### टर्टलनेक स्वेटर्स

अगर आप सर्दियों में लेदर स्कर्ट पहनना चाहती हैं तो इसके साथ एक या दो परतदार टर्टलनेक शर्ट्स पहनें। यह न केवल आपको गर्म रखेगा, बल्कि आपके लुक को भी खास बनाएगा। आप अलग-अलग रंगों की टर्टलनेक्स का उपयोग कर सकती हैं ताकि आपका लुक और भी आकर्षक लगे। इसके अलावा आप टर्टलनेक्स की लंबाई और डिजाइन पर भी ध्यान दे सकती हैं ताकि वे आपकी लेदर स्कर्ट के साथ अच्छी जचें।

### ओवरसाइज्ड ब्लेजर

ओवरसाइज्ड ब्लेजर के साथ लेदर स्कर्ट एक शानदार मेल बनाता है। यह मेल न केवल आपको स्टाइलिश दिखाएगा, बल्कि आरामदायक भी रहेगा। आप किसी भी रंग के ओवरसाइज्ड ब्लेजर का चयन कर सकती हैं, लेकिन काले या ग्रे रंग के ब्लेजर सबसे ज्यादा अच्छे लगते हैं। इसके अलावा आप ब्लेजर की लंबाई और फिटिंग पर भी ध्यान दें ताकि आपका लुक और भी खास लगे और आपको आरामदायक महसूस हो।

### बूट्स

बूट्स के साथ लेदर स्कर्ट एक बेहतरीन स्टाइल स्टेटमेंट बनाता है। ये बूट्स आपके लुक को एक अलग ही अंदाज देते हैं और आपको आरामदायक महसूस करवाते हैं। आप काले या भूरे रंग के बूट्स चुन सकती हैं, जो आपकी स्कर्ट के साथ अच्छी जचें। इसके अलावा इन बूट्स




को पहनकर आप कहीं भी जा सकती हैं, चाहे वह पार्टी हो या कैजुअल आउटिंग। यह मेल आपको हर जगह स्टाइलिश दिखाएगा।

### स्टेटमेंट स्कार्फ

स्टेटमेंट स्कार्फ आपके लेदर स्कर्ट लुक को और भी खास बना सकता है। आप किसी भी रंग या डिजाइन का स्टेटमेंट स्कार्फ चुन सकती हैं, जो आपकी स्कर्ट के साथ अच्छे लगे। यह न केवल आपको गर्म रखेगा, बल्कि आपके पूरे कपड़ों में चार चांद लगा देगा। इन सरल लेकिन असरदार स्टाइलिंग टिप्स को अपनाकर आप अपनी लेदर स्कर्ट को नए अंदाज में पहन सकती हैं और हर मौके पर अलग-अलग लुक पा सकती हैं।

# अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने मनाया शौर्य दिवस

## कार्यकर्ताओं ने शहर में निकाली बाइक रैली

सीहोर (निप्र)।अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा जिला मुख्यालय पर विशाल वाहन रैली निकाल कर शौर्य दिवस मनाया गया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं के द्वारा मैदान पर सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। शहर के प्रमुख मार्गो से भव्य बाइक रैली निकाली गई। कार्यकर्ताओं के द्वारा जय श्रीराम के जय घौष के साथ भगवा ध्वज लहराया गया। अनेक स्थानों पर नागरिकों के द्वारा बाइक रैली में शामिल कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

**जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में रैली**

अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर बने बाबरी नामक मस्जिद जैसे ढाँचे को विध्वंस करने में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले कारसेवकों की स्मृति में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिलाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के द्वारा शौर्य दिवस मनाया गया। सिंधी कॉलोनी मैदान से श्रीराम दरबार की विधिवत पूजा अर्चना के बाद विशाल वाहन रेली का शुभारंभ किया गया।

**सम्मिलित हुए प्रांत अतिथि**



विशाल रैली में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ अध्यक्ष अतुल राठौऱ प्रांत महामंत्री संजीव पटेरिया, हिंदू हेल्पलाइन प्रांत उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह बाघेला, प्रांत मंत्री प्रकाश परमार,विभाग मंत्री दीपक पाठक, जिला मंत्री मदन राजपूत, राष्ट्रीय बजरंग दल उपाध्यक्ष हृदय मेवाड़ा, जिला मंत्री राजेश मेवाड़ा,नवीन आर्य सम्मिलित हुए।

**पूजा अर्चना कर रैली का समापन**

विशाल शौर्य दिवस रैली सिंधी कॉलोनी मैदान से बस स्टेंड, कलेक्ट्रेट रोड, भोपाल नाका, इंग्लिशपुरा,कोतवाली चौराहा,पान चौराहा, बढ़ा बाजार, लीसा टाकिज चौराहा, तहसील चौराहा भोपाली फाटक कस्बा से तिलक पार्क होते हुए हनुमान फाटक मंदिर कस्बा पहुंची यहा पर हनुमान लल्ला की पूजा अर्चना कर रैली का समापन किया गया।

**ग्रामीण अंचलों के कार्यकर्ता रहे शामिल**

शौर्य दिवस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी रामकृष्ण शर्मा, नवीन राठौर, मांगीलाल ठाकुर, ज्ञान सिंह ठाकुर, जगदीश पाटीदार, दिलीप पाटीदार, तारकेश्वर शर्मा, दीपक राठौऱ उमेश कुशवाह, बृजेश सरपंच, आजाद मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण अंचलों के कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जन क्रांति न्याय यात्रा की तैयारियां तेज, इछावर और आष्टा में बैठक का आयोजन



सीहोर (निप्र)। जन क्रांति न्याय यात्रा की तैयारियां तेज है, करणी सेना परिवार के तत्वाधान में आगामी 21 दिसंबर को यात्रा को लेकर जिले के सभी तहसीलों में पहुंचकर सभी वर्ग को इस भव्य कार्यक्रम में आने की अपील की जा रही है। रविवार को इसको लेकर इछावर और आष्टा में करणी सेना परिवार के जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह चौहान के द्वारा यहां पर बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और क्षेत्रवासियों को संबोधित किया गया।

उन्होंने बताया कि हरदा में 21 दिसंबर को प्रस्तावित जन क्रांति न्याय आंदोलन यात्रा की तैयारियां अब तेज हो गई हैं। इसी क्रम में करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर पूरे प्रदेश में पहुंच रहे है। गत दिनों रेहटी, सीहोर तहसील आदि में बैठक का आयोजन किया गया। करणी सेना की सभी 21 सूत्री मांगें महत्वपूर्ण हैं और इन्हीं मुद्दों पर समाज एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। न्याय यात्रा में समाज का हर वर्ग शामिल होगा और 21 दिसंबर को हरदा में बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने इस यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए समाज के हक, सम्मान और न्याय की लड़ाई को नई दिशा देने का संकल्प व्यक्त किया। इसके अलावा नव नियुक्त कार्यकारिणी का गठन किया गया भेरूंदा, गोपालपुर, बुधनी सभी तहसीलों की बैठक संपन्न हुई।

# पानी भरते समय कुंए में गिरने से युवक की मौत

भोपाल(ए)। शहर के देहात थाना इलाके के गुनगा क्षेत्र में स्थित ग्राम महौली में एक 18 वर्षीय लड़का पानी भरते समय की कुएं में गिर गया, हादसे में डूबने से उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस के अनुसार अमित अहिरवार पिता दिनेश अहिरवार शनिवार बीती सुबह करीब 11 बजे कुएं में पानी भरने के लिए गया था। इस दौरान अचानक ही उसका पैर फिसल गया और संतुलन बिगड़ने से वक कुएं के अंदर गिर गया। पानी अधिक होने से अमित की डूबने से मौत हो गई। हालांक ग्रामीणों ने फौरन ही प्रयास करते हुए जैसै-तैसे उसे कुएं से बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जॉच शुरु कर दी है।

# *आसमां से ऊँचे काम जिसके है, दुनिया में चर्चे सरेआम उसके है..*



***- बाबा साहब अम्बेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस पर कवि सम्मेलन आयोजित***

*सीहोर (निप्र)। बोधिसत्व बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस एवं टंट्या मामा भील के शहादत दिवस पर बहुजन उत्सव समिति व राष्ट्रीय बौद्ध महा सभा द्वारा विशाल केंडल मार्च तहसील चौराहा से डॉ. अम्बेडकर पार्क तक निकाला गया. केंडल मार्च डॉ. अम्बेडकर पार्क में पहुंचा, उसके उपरांत विराट कवि सम्मेलन का आयोजन बहुजन महा पुरुषो की विचार धारा पर आधारित किया गया. कवि सम्मेलन में बालाघाट से पहुंचे राष्ट्रीय कवि व प्रबोधनकार शैलेश शैल नें शानदार काव्य पाठ करते हुए पढ़ा - आसमां से ऊँचे काम जिसके है, दुनिया में चर्चे सरेआम उसके है, दासता से मुक्ति दिलाकर बतला दिया भीम ने,हम है मर्जी के मालिक हम गुलाम किसके है.समदपुरी(मध्यप्रदेश) से काव्य पाठ के लिए मंच पर आये कवि गोविंदा गांवठी नें पढ़ा-मिलता नहीं है। दुनिया में,ऐसा कोई विधान,लिख दिया बाबा साहेब ने ऐसा संविधान। शाजापुर के शायर जनाब हसन मिर्ज़ा हसन ने शानदार असआर पेश कर वाहवाही लूटी उन्होंने पढ़ा -मैं संविधान हूं भारत तुझे तोफे में मिला हूं,हिंदू हो मुस्लिम हो सिख हो या ईसाई गरीब हो फकीर हो या सफाई सबके मौलिक अधिकारों की किताब हु..कवयित्री कृष्णा सूर्यवंशी ने मधुर गीत ने झूमने पर मजबूर कर दिया-उच्च नीच दूर कर प्रेम को दिलों में भर ,देश का बढ़ाया स्वाभिमान को प्रणाम है। लालच को त्याग दिया देशहित काम किया, किया जो उन्होंने बलिदान को प्रणाम है.भिंड के ओज गीत कवि जोरावर सिंह ने भारतीय सविधान को रेखांकित शानदार गीत पढ़ा -प्यारा-प्यारा संविधान, प्यारा-प्यारा संविधान, भारत में बसने वालों को कर दिया है एक समान..सागर के गीतकार दयाराम सागर ने बेहतरीन गीत प्रस्तुत किया. कवि सम्मेलन का शानदार संचालन कवि कमल सिंह कमल के द्वारा किया गया. कवि सम्मेलन एवं महा परिनिर्वाण दिवस की प्रस्तावना सामाजिक चिंतक डी बी बड़ोदिया, एवं कमल कीर द्वारा रखी गई।*

# क्षेत्रवासियों को मिलेगी खस्ताहाल सड़कों से मुक्ति

**नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने करवाए करोड़ों के विकास कार्य, कहा विकास कार्य में नहीं किया जाएगा भेदभाव**



सीहोर( निप्र)। शहर को सुंदर बनाने के लिए हमें लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। स्वच्छता एक अच्छी आदत है, जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है। क्षेत्रवासियों के सहयोग से हम प्रदेश में स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम स्थान पर है और इसी तरह सहयोग रहा तो आने वाले समय में देश के प्रथम स्थान पर होंगे। उक्त विचार रविवार को शहर के वार्ड क्रमांक 12 में सात लाख 30 हजार की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य के भूमि पूजन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे। इस मौके पर क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य कराए जाने पर पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम यादव ने कहा कि बिना भेदभाव के विकास कार्य किए जा रहे है। लाखों रुपए से निर्मित होने वाली सीसी रोड के पश्चात वार्डवासियों को खस्ताहाल सड़क से मुक्ति मिलेगी। विकास के साथ-साथ शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी क्षेत्रवासियों की है।जानकारी के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने रविवार को वार्ड की महिलाओं से वार्ड क्रमांक 12 अंतर्गत आने वाले सात लाख 30 हजार से बनाए जाने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। पार्षद प्रतिनिधि श्री यादव ने बताया कि वार्ड में भगवान सिंह पाल के मकान से जगदीश राय के मकान तक बनाए जाने वाले सीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में नरेन्द्र राजपूत, कमलेश राठौर, लोकेन्द्र वर्मा, गंगाराम पहलवान, नाथूराम दादा, छोटेलाल यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे।

# रेडक्रॉस ने जरुरतमंदों को ऊनी कंबल व आशा कार्यकर्ताओं को पल्स ऑक्सीमीटर वितरित किए

भोपाल (ए)। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा मंडीदीप में सेवा भारती भोजपुर के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंद हितग्राहियों को ऊनी कंबल तथा आशा कार्यकर्ताओं को पल्स ऑक्सीमीटर वितरित किए गए। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ. श्याम सिंह कुमरे, जनरल सेक्रेटरी रामेन्द्र सिंह, वाइस चेयरमैन मनीष रावल, मानसेवी कोषाध्यक्ष दीपेश मेहता एवं सेवा भारती भोजपुर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चेयरमैन डॉ. श्याम सिंह कुमरे ने कहा कि रेडक्रॉस सदैव मानव सेवा के लिए समर्पित है। इस पहल के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता करना तथा आशा कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य सेवा कार्यों में सक्षम बनाना उद्देश है।

जनरल सेक्रेटरी रामेन्द्र सिंह ने बताया कि रेडक्रॉस और सेवा भारती मिलकर विभिन्न जनहितैषी अभियानों को संचालित कर रहे हैं। रेडक्रॉस के अंतर्गत जूनियर एवं युवक रेडक्रॉस, प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर और नेत्र शिविर निरंतर आयोजित किए जाते हैं।

## आगरा-मुंबई हाईवे पर चीते की दर्दनाक मौतः कूनो से निकले दो चीतों में से एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में, दूसरा अब भी लापता

ग्वालियर (ए.)। कूनो नेशनल पार्क से जंगल की सीमाओं से बाहर निकले दो युवा चीतों की आज़ादी सड़क पर उनके लिए जानलेवा साबित हुई। आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे (शिवपुरी लिंक रोड) के घाटीगांव सिमरिया मोड़ पर रविवार तड़के तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक चीते को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा चीता अब भी जंगलों में घूम रहा है, जिसकी तलाश वन विभाग की टीमें कर रही हैं।घटना सुबह करीब 5 से 6 बजे के बीच की बताई जा रही है। जानकारी मिलते ही घाटीगांव थाना पुलिस, वन विभाग के अधिकारी और कूनो नेशनल पार्क की मॉनिटरिंग टीम घटनास्थल पर पहुंच गई। भीड़ बढ़ने पर भी वन विभाग ने सुरक्षा कारणों से किसी को भी चीते के शव के पास आने की अनुमति नहीं दी। चीते का शव कूनो भेज दिया गया है, जहां विशेषज्ञों का पैनल पोस्टमॉर्टम करेगा। मृत मादा चीते की पहचान केजी-3 के रूप में हुई है, जो कूनो में ही जन्मी थी। यह प्रसिद्ध चीता गामिनी का शावक बताया जा रहा है। सैटेलाइट कॉलर से दोनों चीतों की मूवमेंट पर लगातार नजर रखी जा रही थी। जैसे ही कॉलर की लोकेशन असामान्य हुई, टीम को हादसे की सूचना मिली। जब दोनों सड़क क्रॉस कर रहे थे, तभी तेज गति से आ रहे वाहन ने एक चीते को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि वह सड़क किनारे जाकर गिरा और उसने वहीं अंतिम सांस ली।

# द विंची सोकरबट चैंपियनशिप हुई आयोजित

**सीहोर की अगली पीढ़ी को रोबोटिक स्किल कि जानकारी का ज्ञान होना बहुत जरुरी-सिस्टर अल्का**



सीहोर( निप्र)। सेंट एंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीहोर की अग्रणी पहल छात्रों के इंजीनियर रिंग कौशल को बढ़ाने के लिए एवं रोबोटिक ज्ञान कुशलता बढ़ाने के लिए उत्कृष्ट अग्रणीय प्रयास सेंटेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने गर्व के साथ द विंची सोकरबट चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी की चैंपियनशिप 5 एवं 6 दिसंबर को 2025 को आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रिंस विकास राठौर नगर पालिका अध्यक्ष सीहोर एवं संजय सिंह तोमर जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर ने किया। प्रसिद्ध हस्तियां एवं वरिष्ठ जनों द्वारा छात्रों का उत्साह वर्धन किया गया। छात्रों के पालक भी छात्रों के कौशल को देखने के लिए उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में सीहोर के विभिन्न स्कूलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें ब्लू वर्ल्ड हाई स्कूल सेंट, मेरिज रेजिडेंशियल हायर सेकेंडरी स्कूल एवं लुर्द माता कॉन्वेंट स्कूल शामिल थे। इस चैंपियनशिप की तैयारी इंटरनेशनल स्टीम रिसर्च के विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। इन वर्कशॉप में छात्रों को तकनीकी और इंजीनियरिंग स्किल रोबोटिक दक्षता रोबोट बनाना एवं कोडिंग संबंधित नॉलेज बल्कि ब्रांडिंग एवं लोगो डिजाइन भी छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया एवं विश्व में चल रहे है नए-नए आविष्कारों की जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने कार्यक्रम में अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी एवं छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए रोबोट का प्रजेंटेशन भी दिया। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए रोबोट को सभी ने सराहा एवं प्रशंसा की। यह प्रयास छात्रों के इंजीनियरिंग विकास के लिए सेंटेंस स्कूल का अग्रणीय प्रयास है, जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है, क्योंकि आज के विद्यार्थी भारत का उज्जवल भविष्य है। सिस्टर अलका प्रिंसिपल सेंटेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने कहा कि हमें गर्व है कि हमने दा विंची सोकरबट चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी की। उन्होंने कहा कि सीहोर की अगली पीढ़ी को ज्ञान एवं इंजीनियरिंग स्किल रोबोटिक स्किल कि जानकारी का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। जिससे छात्र-छात्राएं विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धा के ज्ञान से सुसज्जित रहे। सिस्टर अलका ने सभी मुख्य अतिथियों व गणमान्य नागरिकों स्कूल स्टाफ एवं आए हुए छात्र-छात्रओं के पालकों का आभार व्यक्त किया एवं विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सीहोर में रोजगार मेला 09 दिसंबर को

**विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 700 पदों पर की जाएगी युवाओं की भर्ती**

सीहोर (निप्र)। युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 09 दिसंबर 2025 को प्रात: 11 बजे सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा।

इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। रोजगार मेला मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 700 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जायेगे। इसके साथ ही शासकीय आईटीआई द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये आवेदकों को चयनित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक अपने मूल दस्तावेजों के साथ रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

## कॉलेज में प्रवेश से वंचित छात्रों के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

सीहोर (निप्र)। सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में स्वाध्यायी (प्राइवेट) प्रवेश के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ को गई है। प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने बताया कि नियमित रुप से वंचित छात्र स्वाध्यायी (प्राइवेट) छात्र के रुप में अपनी शिक्षा अर्जन की सुविधा का लाभ ले सकते हैं। विद्यार्थी प्रवेश के लिए कॉलेज पहुंचकर प्रवेश प्रभारी डॉ. गणेशलाल जैन से संपर्क कर सकते हैं।

## स्वयं सिद्धि चैटबॉट' से सुदृढ़ हो रहा घर पर शैक्षिक अभ्यास

**प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की अभिनव पहल**

सीहोर (निप्र)। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य शिक्षा केंद्र ने प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में स्वयं सिद्धि चैटबॉट' के रूप में महत्वपूर्ण नवाचार प्रस्तुत किया है। मोबाईल आधारित इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विद्यार्थी विद्यालय में पढ़ने के साथ-साथ घर पर भी नियमित अभ्यास कर सकें और सीखने की निरंतरता को किसी भी परिस्थिति में बाधा न बनने दे। बच्चों का घर पर सीखने की आदत को मजबूत बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। कोविड-19 के समय जब विद्यालयों का संचालन बाधित हो गया था, तब राज्य शिक्षा केन्द्र के द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ किया गया 'स्वयं सिद्धि चैटबॉट' आज 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिये एक सफल पहल के रूप में स्थापित हो चुका है।

उल्लेखनीय है कि 'स्वयं सिद्धि' चैटबॉट विद्यार्थियों को घर बैठे उच्च-गुणवत्ता की डिजिटल लर्निंग प्रदान कर रहा है। यह चैटबॉट हर शनिवार राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा प्रमाणित नए प्रश्न उपलब्ध कराता है, इन प्रश्नों से विद्यार्थी अपनी समझ की जाँच कर पाते हैं। मोबाइल ऐप आधारित संवादात्मक प्रणाली पर तैयार यह स्विफ्ट चेट विद्यार्थियों को केवल Hi लिखने पर प्रश्न, उत्तर, स्कोर और सुधारात्मक वीडियो तुरंत उपलब्ध कराती है। स्वयं सिद्धि चैटबॉट उपयोग लिंक: https://links.swiftchat.ai/zcNhlu है। स्वयं सिद्धि चैटबॉट को राज्य शिक्षा केन्द्र के मूल्यांकन प्रकोष्ठ द्वारा विकसित और संचालित किया जाता है। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा सहयोगी संस्था कॉन्वेजीनियस के सहयोग से विकसित यह नवाचार न केवल विद्यार्थियों के सीखने की गुणवत्ता बढ़ा रहा है, बल्कि मूल्यांकन को भी अधिक वैज्ञानिक और व्यवस्थित बना रहा है।

हाल ही में राज्य शिक्षा केंद्र के यूट्यूब चैनल लिंक पर इस चेटबॉट के प्रभावी उपयोग एवं कार्यप्रणाली पर आधारित एक परिचयात्मक लाईव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राज्य शिक्षा केन्द्र के अपर संचालक डॉ. अरूण सिंह, मूल्याकंन प्रकोष्ठ के नियंत्रक अधिकारी डॉ. बृजेश सक्सेना, समन्वयक डॉ. सुषमा बाजपेई तथा कॉन्वेजीनियस संस्था की प्रतिनिधी दीक्षा आही ने 'स्वयं सिद्धि' चैटबॉट के प्रभाव, सीखने के परिणामों और विद्यार्थियों और शिक्षकों के मध्य बढ़ती पहुँच पर विस्तार से चर्चा कर मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रदेश के दूरस्थ और संसाधन-विहीन क्षेत्रों के बच्चों के लिए यह चैटबॉट विशेष रूप से उपयोगी साबित हो रहा है।

## आरबीएसके के तहत बच्चों दी जा रहीं हैं समग्र स्वास्थ्य सेवाएं

सीहोर( निप्र)। जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत नवजात से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पाए जाने वाले जन्मजात दोषों, कुपोषण, विकासात्मक देरी और विभिन्न बीमारियों की समय रहते पहचान कर उनका निशुल्क उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके और वे स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ सकें। उन्होंने बताया कि बाल स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की प्रक्रिया जन्म के समय प्रसव स्थल पर, 0 से 6 सप्ताह तक नवजात शिशुओं के घर-घर जाकर आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से, 6 सप्ताह से 6 वर्ष तक आंगनबाड़ी केंद्रों पर तथा 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों की स्कूलों में नियमित जांच के माध्यम से की जाती है। जिन बच्चों में किसी प्रकार की समस्या पाई जाती है, उन्हें विशेष जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) में रेफर किया जाता है, जहां विशेषज्ञों द्वारा आवश्यक जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। जिले में 01 अप्रैल 2025 से अक्टूबर 2025 तक लगभग 1,80,173 बच्चों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिनमें से गंभीर समस्याओं से ग्रसित 430 बच्चों की सर्जरी भी कराई जा चुकी है। इन मामलों में हृदय रोग, कटे-फटे होंठ एवं तालू, क्लब फुट, मोतियाबिंद, आर.ओ.पी. सहित अन्य जन्मजात व जटिल बीमारियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त बच्चों में कुपोषण, रक्ताल्पता, किशोरावस्था से जुड़ी समस्याएं और विकासात्मक समस्याओं की भी पहचान की गई है, जिनका उपचार निरंतर जारी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि यदि परिवार या आसपास के किसी बच्चे अथवा किशोर में कोई भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या दिखाई देती है तो उसे तुरंत नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र, शासकीय विद्यालय, बीएचएससी/सीएचसी या जिला अस्पताल में लाकर जांच कराएं, ताकि समय पर इलाज संभव हो सके।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com



नये दौर के पर्यटन विकास का सन्देश
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
खजुराहो मंत्रिपरिषद् बैठक
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
विभागीय समीक्षा बैठक
8-9 दिसम्बर, 2025
मंत्रिपरिषद् बैठक
9 दिसम्बर, 2025 | पूर्वाह्न 10:30 बजे
बेहतर सुविधाएं, उन्नत अधोसंरचना और विश्वस्तरीय अनुभव से जुड़ रहा है मध्यप्रदेश पर्यटन
D-11153/25
डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश
साकार होता विरासत के साथ विकास का संकल्प
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025